रजिस्ट्री सं० डी० (डी०)-73 REGISTERED No. D(D.)-73

CENTRAL SECRETARIAT LIBRARY

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 43] नई दिल्ली, शनिवार, अक्तूबर 28, 1978/कार्तिक 6, 1900
No. 43] NEW DELHI, SATURDAY, OCTOBER 28, 1978/KARTIKA 6, 1900

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारियों द्वारा विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए साधारण नियम जिनमें साधारण प्रकार के आदेश, उपनियम आदि सम्मिलित हैं

General Statutory Rules (including orders, bye-laws etc., of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories)

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय
(विधि कार्य विभाग)

नई दिल्ली, 22 सितम्बर, 1978

सा० का० नि० 1274.—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, विदेशी मुद्रा विनियमन अपील बोर्ड के पूर्णकालिक सदस्य (जिन्हें इसमें इसके पश्चात् पूर्णकालिक सदस्य कहा गया है) के रूप में नियुक्त व्यक्ति की भर्ती की पद्धति और सेवा की शर्तों को विनियमित करने वाले निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात्:—

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ:—(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम विदेशी मुद्रा विनियमन अपील बोर्ड पूर्णकालिक सदस्य (भर्ती और सेवा की शर्तें) नियम, 1978 है ।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. भर्ती के लिए अर्हताएं:— (1) कोई भी व्यक्ति पूर्णकालिक सदस्य के रूप में तब तक नियुक्ति के लिए अर्ह नहीं होगा जब तक —

(i) उसने कम से कम दस वर्ष तक कोई सिविल न्यायिक पद धारण न किया हो;

(ii) वह कम से कम तीन वर्ष तक केन्द्रीय विधि सेवा (श्रेणी 1 से नीचे नहीं) कोई सदस्य न रहा हो; या

(iii) वह कम से कम दस वर्ष तक अधिवक्ता के रूप में वकालत में न रहा हो ।

(2) वह व्यक्ति—

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से, जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है, या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित होते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया हो,

पूर्णकालिक सदस्य के रूप में नियुक्ति का पात्र नहीं होगा :

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार का समाधान हो जाए कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार मौजूद हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी।

3. चिकित्सीय स्वस्थता:— कोई भी व्यक्ति पूर्णकालिक सदस्य के रूप में नियुक्त नहीं किया जाएगा जब तक केन्द्रीय सरकार द्वारा इस प्रयोजन के लिए बने चिकित्सा बोर्ड द्वारा उसे स्वस्थ घोषित नहीं कर दिया जाता या जब तक वह पहले ही किसी समतुल्य प्राधिकारी द्वारा स्वस्थ घोषित न कर दिया गया हो।

4. परिवीक्षा:—(1) पूर्णकालिक सदस्य के रूप में नियुक्त प्रत्येक व्यक्ति दो वर्ष की परिवीक्षा की अवधि पर रहेगा ।

(2) केन्द्रीय सरकार, किसी व्यक्ति के मामले में उसकी परिवीक्षा की अवधि को बढ़ा या घटा सकेगी।

(3) ऐसे व्यक्ति को, परिवीक्षा की अवधि के दौरान किसी भी समय और बिना कोई कारण बताए हुए, पूर्णकालिक सदस्य के रूप में सेवा से उन्मोचित किया जा सकेगा।

5. वर्गीकरण :—पूर्णकालिक सदस्य, साधारण केन्द्रीय सेवा, समूह 'क', राजपत्रित, सदस्य होगा, जब तक कि वह किसी अन्य केन्द्रीय सिविल सेवा का सदस्य न हो।

6. वेतन : पूर्णकालिक सदस्य के पद का वेतनमान 2500—125/2-2750 रु० होगा।

7 पूर्णकालिक सदस्य की पदावधि :—नियम 4 के उपबन्धों के अधीन रहते हुए, पूर्णकालिक सदस्य के रूप में नियुक्त व्यक्ति पांच वर्ष की कालावधि के लिए या जब तक वह साठ वर्ष की आयु का नहीं हो जाता, जो भी पहले हो, पद धारण करेगा।

8. सेवा निवृत्ति प्रसुविधाएं :—(1) पूर्णकालिक सदस्य, जो पूर्णकालिक सदस्य के रूप में अपनी नियुक्ति के समय स्थायी हैसियत में सरकार के अधीन पेंशनीय पद धारण किए हुए था, उसकी सेवा निवृत्ति के समय उसे लागू पेंशन के नियमों के अनुसार पेंशन का पात्र होगा।

(2) पूर्णकालिक सदस्य, जिसे उपनियम (1) लागू नहीं होता, अभिदायी भविष्य निधि नियम (भारत), 1962 के अनुसार अभिदायी भविष्य निधि प्रसुविधाओं का हकदार होगा।

9. सेवा की अन्य शर्तें :—पूर्णकालिक सदस्य की सेवा की शर्तें, उन विषयों के बारे में, जिनके लिए इन नियमों में कोई उपबन्ध नहीं किए गए हैं, वे होंगी जो भारत सरकार के तत्स्थानी प्रास्थिति के अन्य कर्मचारियों को तत्समय लागू हो।

10. नियम शिथिल करने की शक्ति :—जहां केन्द्रीय सरकार की राय हो कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहां वह, उसके लिए जो कारण हैं उन्हें लेखबद्ध करके, इन नियमों के किसी उपबन्ध को किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत, आदेश द्वारा, शिथिल कर सकेगी।

11. निर्वचन :—यदि इन नियमों के निर्वचन से सम्बन्धित कोई प्रश्न उत्पन्न होता है तो वह केन्द्रीय सरकार को निर्दिष्ट किया जाएगा।

(फा० सं० ए० 12018/2/78-प्रशा० I (एलए०)

जी० सी० शारदा, उप सचिव

MINISTRY OF LAW, JUSTICE & COMPANY AFFAIRS

(Department of Legal Affairs)

New Delhi, the 22nd September, 1978

G.S.R. 1274.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules regulating the method of recruitment and conditions of service of the person appointed as Full-time Member of the Foreign Exchange Regulation Appellate Board (hereinafter referred to as Full-time Member), namely :—

1. Short title and commencement.—(1) These rules may be called the Foreign Exchange Regulation Appellate Board Full-time Member (Recruitment and Conditions of Service) Rules, 1978.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. Qualifications for recruitment.—(1) A person shall not be qualified for appointment as Full-time Member unless :—

(i) he has for at least ten years held a Civil Judicial post or

(ii) he has been a member of the Central Legal Service (not below Grade I) for at least three years ; or

(iii) he has been in practice as an advocate for at least ten years.

(2) No person,—

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living; or

(b) who, having a spouse living has entered into or contracted a marriage with any person,

shall be eligible for appointment as full-time member :

Provided that the Central Government, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

3. Medical fitness.—No person shall be appointed as Full-time Member unless he is declared medically fit by a Medical Board to be constituted by the Central Government for the purpose, unless he has already been declared fit by an equivalent authority.

4. Probation.—(1) Every person appointed as Full-time Member shall be on probation for a period of two years.

(2) The Central Government may in the case of any person, extend or reduce the period of his probation.

(3) At any time during the period of probation and without any reasons being assigned, such person may be discharged from service as Full-time Member.

5. Classification.—The Full-time Member shall be a member of the General Central Service, Group 'A' Gazetted, unless he is a member of any other Central Civil Service.

6. Pay.—The scale of pay of the post of Full-time Member shall be Rs. 2500-125/2-2750.

7. Term of office of Full-time Member.—Subject to the provision of rule 4, a person appointed as Full-time Member shall hold office for a term of five years or until he attains the age of sixty years, whichever is earlier.

8. Retirement benefits.—(1) The Full-time Member who, at the time of his appointment as Full-time Member, was holding a pensionable post under a Government in a permanent capacity shall be eligible for pension in accordance with the rules for pension applicable to him at the time of his retirement.

(2) The Full-time Member to whom sub-rule (1) does not apply shall be entitled to Contributory Provident Fund benefits in accordance with the Contributory Provident Fund Rules (India), 1962.

9. Other conditions of service.—The conditions of service of the Full-time Member in respect of matters for which no provision is made in these rules shall be the same as may for the time being be applicable to other employees of the Government of India of a corresponding status.

10. Power to relax.—Where the Central Government is of opinion that it is necessary or expedient so to do, it may, by order and for reason to be recorded in writing, relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons.

11. Interpretation.—If any question arises relating to the interpretation of these rules, it shall be referred to Central Government.

[F. No. A. 12018/2/78-Adm. I (LA)]

G. C. SHARDA, Dy. Secy.

नई दिल्ली, 6 अक्तूबर, 1978

सा० का० नि० 1275.—केन्द्रीय सरकार, सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 (1808 का 5) की प्रथम अनुसूची के आदेश 27 के नियम 8ख के खण्ड (क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भारत सरकार के भूतपूर्व विधि मन्त्रालय की अधिसूचना सं० सा० का० नि० 1412, तारीख 25 नवम्बर, 1960 में और आगे निम्नलिखित संशोधन करती है, अर्थात्:—

उक्त अधिसूचना की अनुसूची में, '23 जम्मू-कश्मीर' शीर्ष के नीचे, स्तम्भ (2) में "श्री एस० ए० सलारिया" शब्दों के स्थान पर, "श्री विनोद कुमार गुप्ता" शब्द रखे जाएंगे ।

[सं० एफ० 36(7)/78-न्यायिक]

श्री वी० जी० कृष्णमूर्ति, अपर विधिक सलाहकार

New Delhi, the 6th October, 1978

G.S.R. 1275.—In exercise of the powers conferred by clause (a) of rule 8B of Order XXVII of the First Schedule to the Code of Civil Procedure, 1908 (5 of 1908), the Central Government hereby makes the follwing further amendment in the notification of the Government of India in the late Ministry of Law No. G.S.R. 1412, dated the 25th November, 1960, namely :—

In the Schedule to the said notification, under the heading "23. Jammu and Kashmir", in column (2), fo rthe words "Shri S. A. Salaria" the words "Shri Vinod Kumar Gupta", shall be substituted.

[No. F. 36(7)/78-Judl.]

G. V. G. KRISHNAMURTHY, Addl. Legal Adviser

(विधायी विभाग)

नई दिल्ली, 23 सितम्बर, 1978

सा. का. नि. 1276.—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, विधि, न्याय और कंपनी कार्य मंत्रालय (वि. वि.) वर्ग 'ख' और वर्ग 'ग' पद भर्ती नियम, 1977 में संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :—

1. (1) इन नियमों का नाम विधि, न्याय और कंपनी कार्य मंत्रालय (विधायी विभाग) वर्ग 'ख' और वर्ग 'ग' पद भर्ती (संशोधन) नियम, 1978 है ।

(2) ये शासकीय गजट में प्रकाशित होने की तारीख से प्रवृत्त होंगे ।

2. विधि, न्याय और कंपनी कार्य मंत्रालय (विधायी विभाग) वर्ग 'ख' और वर्ग 'ग' पद भर्ती नियम, 1977 की अनुसूची में अधीक्षक (मुद्रण) के पद से संबंधित क्रम संख्या 2 के सामने निम्नलिखित प्रविष्टियां की जाएंगी, अर्थात् :—

"सीधी भर्ती करते समय संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करना आवश्यक"

[सं. ए. 12018/2/76-प्रशा. 1 (वि. वि.)]

वि. रामाचन्द्रन, उप सचिव

(Legislative Department)

New Delhi, the 23rd September, 1978

G.S.R. 1276.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules to amend the Ministry of Law, Justice and Company Affairs (Legislative Department) Group 'B' and Group 'C' Posts Recruitment Rules, 1977, namely :—

1. (1) These rules may be called the Ministry of Law, Justice and Company Affairs (Legislative Department) Group 'B' and Group 'C' Posts Recruitment (Amendment) Rules, 1978.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Ministry of Law, Justice and Company Affairs (Legislative Department) Group 'B' and Group 'C' Posts Recruitment Rules, 1977, in the Schedule, against serial No. 2, relating to the post of Superintendent (Printing), in column 13, the following entry shall be inserted, namely :—

"Consultation with the Union Public Service Commission necessary while making direct recruitment."

[No. A. 12018/2/76-Admn. I(LD)]

V. RAMACHANDRAN, Dy. Secy.

गृह मंत्रालय

(कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग)

नई दिल्ली, 12 अक्तूबर, 1978

सा. का. नि. 1277.—भारतीय प्रशासन सेवा (संवर्ग) नियम, 1954 के नियम 4 के उप नियम (2) के प्रथम परन्तुक और उप-नियम (1) के साथ पठित, अखिल भारतीय सेवा अधिनियम, 1951 (1951 का 61) की धारा 3 की उप धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार, हरियाणा सरकार के परामर्श से, भारतीय प्रशासन सेवा (संवर्ग) (संख्या का नियतन) विनियम, 1955 में और आगे संशोधन करने के लिये एतद्द्वारा निम्नलिखित विनियम बनाती है, अर्थात् :—

1. (1) इन विनियमों का नाम भारतीय प्रशासन सेवा (संवर्ग संख्या का नियतन) सतरहवां संशोधन विनियम, 1978 है ।

(2) ये नियम सरकारी राजपत्र में प्रकाशित होने की तारीख से लागू होंगे ।

2. भारतीय प्रशासन सेवा (संवर्ग संख्या का नियतन) विनियम, 1955 की अनुसूची में "हरियाणा" शीर्षक के अधीन तत्स्थानी पद "रीवस्ट्रार, हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय" के स्थान पर "प्रबन्ध निदेशक, हरियाणा राज्य बीज विकास निगम" में प्रतिस्थापित किये जायें

[सं. 11031/69/78-अ. भा. स. (2)]

MINISTRY OF HOME AFFAIRS

(Department of Personnel & Administrative Reforms)

New Delhi, the 12th October, 1978

G.S.R. 1277.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 3 of the All India Service Act, 1951 (61 of 1951), read with sub-rule (1) and the first proviso to sub-rule (2) of Rule 4 of the Indian Administrative Service (Cadre) Rules, 1954, the Central Government, in consultation with the State Government of Haryana, hereby makes the following rules further to amend the Indian Administrative Service (Fixation of Cadre Strength) Regulations, 1955, namely :—

1. (1) These regulations may be called the Indian Administrative Service (Fixation of Cadre Strength) Seventeenth Amendment Regulations, 1978.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Schedule to the Indian Administrative Service (Fixation of Cadre Strength) Regulations, 1955 under the heading 'Haryana' the following shall be substituted for the existing entry of "Registrar, Agricultural University" appearing at S. No. 14 of the posts in the deputation reserve :—

"Managing Director, Haryana Seeds Development Corporation".

[No. 11013/6A/78-AIS(II)]

नई दिल्ली, 13 अक्तूबर, 1978

सा. का. नि. 1278.—केन्द्रीय सरकार, सभी राज्य सरकारों के परामर्श से अखिल भारतीय सेवा अधिनियम, 1951 (1951 का 61) की धारा 3 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भारतीय प्रशासनिक सेवा (वेतन) नियम, 1954 में और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :—

2. इन नियमों का नाम भारतीय प्रशासन सेवा (वेतन) ग्यारहवां संशोधन नियम 1978 है।

3. भारतीय प्रशासनिक सेवा (वेतन) नियम, 1954 में नियम 10-ङ को उसके नियम 10-च के रूप में पुनः संख्यांकित किया जाएगा और इस प्रकार पुनः संख्यांकित नियम 10-च से पूर्व निम्नलिखित नियम अन्तःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"10-छ सिक्किम राज्य में सेवा के आरंभिक गठन के समय सेवा में नियुक्त अधिकारियों के वेतन और वेतनमान का नियतन : इन नियमों में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, सिक्किम राज्य के संबंध में राज्य कैडर के आरंभिक गठन के समय सेवा में नियुक्त किए गए अधिकारियों का वेतन ऐसे सिद्धान्तों के अनुसार जिन्हें केन्द्रीय सरकार, राज्य सरकार के परामर्श से, अवधारित करे कनिष्ठ या जेष्ठ वेतनमान में नियत किया जाएगा।"

4. यह संशोधन 16 जून, 1976 को प्रवृत्त हुआ समझा जाएगा।

स्पष्टीकरण ज्ञापन

सिक्किम के लिए भारतीय प्रशासन सेवा संवर्ग का गठन 16-6-76 से किया गया था इसलिए प्रारम्भिक संविधान के द्वारा भारतीय प्रशासन सेवा संवर्ग, सिक्किम में भर्ती हुए भारतीय प्रशासन सेवा के सदस्यों का वेतन निर्धारित करने के लिए भारतीय प्रशासन सेवा (वेतन) नियम, 1954 को संवर्ग के गठन की तारीख से संशोधित करने का निर्णय लिया गया है। इन नियमों के भूतलक्षी प्रभाव से लागू किये जाने से किसी भी अधिकारी पर कोई प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना नहीं है।

[सं. 11031/43/77-अ. भा. से. (2)]

New Delhi, the 13th October, 1978

G.S.R. 1278.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 3 of the All India Services Act, 1951 (61 of 1951), the Central Government, after consultation with the Government of the State concerned, hereby makes the following rule further to amend the Indian Administrative Service (Pay) Rules, 1954, namely :—

1. (1) These rules may be called the Indian Administrative Service (Pay) Eleventh Amendment Rules, 1978.

(2) This amendment shall be deemed to have come into force from the 16th June, 1976.

2. In the Indian Administrative Service (Pay) Rules, 1954, rule 10-E shall be renumbered as rule 10-F and before rule 10-F as so renumbered, the following rule shall be inserted, namely :—

"10E. Fixation of pay and scales of pay of officers appointed to the Service on its initial constitution in the State of Sikkim.

Notwithstanding anything contained in these rules In relation to the State of Sikkim, the pay of officers appointed to the Service at the time of the initial constitution of the State Cadre shall be fixed in the junior or senior scales of pay in accordance with such pprinciples as the Central Government may, in consultation with the State Government, determine."

EXPLANATORY MEMORANDUM

The Indian Administrative Service Cadre for Sikkim was constituted with effect from the 16th June, 1976. It is proposed to amend the Indian Administrative Service (Pay) Rules, 1954 as above to regulate the fixation of pay of Indian Administrative Service Officers appointed to the Indian Administrative Service Cadre of Sikkim at the time of initial constitution of that Cadre and the amendment is being given retrospective effect from the date on which the Cadre came into existence.

No officer is likely to be adversely affected by this amendment being given retrospective effect.

[No. 11031/43/77-AIS(II)]

सा०का०नि० 1279.—भारतीय प्रशासन सेवा (संवर्ग) नियम, 1954 के नियम 4 के उप नियम (2) के साथ पठित अखिल भारतीय सेवाएं अधिनियम 1951 (1951 का 61) की धारा 3 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार, "उत्तर प्रदेश" सरकार के परामर्श से, भारतीय प्रशासन सेवा (संवर्ग संख्या का नियतन) विनियम, 1955 में और आगे संशोधन करने के लिए एतद्द्वारा निम्नलिखित विनियम बनाती है, अर्थात् :—

1. (1) इन विनियमों का नाम भारतीय प्रशासन सेवा (संवर्ग संख्या का नियतन), सोलहवां संशोधन विनियम, 1978 है।

(2) ये विनियम सरकारी राजपत्र में प्रकाशित होने की तारीख से प्रवृत्त होंगे।

2. भारतीय प्रशासन सेवा (संवर्ग संख्या का नियतन) विनियम, 1955 की अनुसूची में "उत्तर प्रदेश" शीर्षक तथा उसके अन्तर्गत दी गई प्रविष्टियों के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात् :—

"उत्तर प्रदेश"	229
राज्य सरकार के अधीन पद	1
सरकार के मुख्य सचिव	1
अध्यक्ष, राजस्व बोर्ड	1
सदस्य, राजस्व बोर्ड	2
सदस्य (न्यायिक), राजस्व बोर्ड	7
सभापति और सदस्य, प्रशासनिक अधिकरण और अध्यक्ष, सतर्कता आयोग	1
खण्डों के आयुक्त	12
आयुक्त चकबन्दी	1
आयुक्त और सचिव	14
आयुक्त खाद्य और सिविल पूर्ति और आयुक्त और सचिव	1
आयुक्त विक्रय-कर	1
निदेशक प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्थान	1
आयुक्त बन्दोबस्त	1
आयुक्त और निदेशक, औद्योगिक निवेशालय	1
आयुक्त और परियोजना प्रशासक क्षेत्र विकास	3

सरकार के सचिव/विशेष सचिव	21
राज्यपाल के सचिव	1
मुख्य मंत्री के सचिव	1
सचिव, राजस्व बोर्ड	1
सरकार के अपर/संयुक्त/उप सचिव	52
राज्य सम्पादक, जिला गजेटियर	1
आयुक्त उत्पाद और आयुक्त नशाबन्दी	1
निदेशक योजना अनुसंधान और कार्यकारी खण्ड और निदेशक मल्यांकन और प्रशिक्षण खण्ड तथा सरकार के संयुक्त/उप-सचिव	1
अपर/संयुक्त निदेशक उद्योग	3
नियंत्रक बाट, माप और सरकार के संयुक्त/उप सचिव	1
श्रमायुक्त	1
अपर/संयुक्त श्रम आयुक्त	1
रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां	1
अपर रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां	2
गन्ना आयुक्त	1
अपर/संयुक्त बिक्रय कर आयुक्त	1
अपर आयुक्त	2
निदेशक पंचायत	1
अध्यक्ष और सदस्य प्रशासनिक अधिकरण (II)	1
निदेशक सूचना और सरकार के सचिव/विशेष सचिव/संयुक्त सचिव/उप सचिव	1
निदेशक प्रशिक्षण और रोजगार	1
निदेशक हरिजन और सामाजिक कल्याण	1
सचिव, लोक सेवा आयोग	1
उप आयुक्त/मजिस्ट्रेट और कलक्टर	57
संयुक्त/उप विकास आयुक्त	5
महानिरीक्षक रजिस्ट्रीकरण तथा मुख्य निरीक्षक स्टाम्प तथा संयुक्त सचिव राजस्व बोर्ड	1
उप भूमि सुधार आयुक्त	2
संयुक्त/उप निदेशक राष्ट्रीय बचत तथा सरकार के संयुक्त/उप सचिव	1
उप आयुक्त खाद्य और सिविल पूर्ति तथा सरकार के उप सचिव	2
सचिव व निदेशक संस्थानीय वित्त	1
निदेशक सार्वजनिक उद्यम ब्यूरो	1
उप निदेशक, स्थानीय निकाय तथा सरकार के उप सचिव	1
अपर संयुक्त निदेशक चकबन्दी	1
परिवहन आयुक्त	1
प्रादेशिक खाद्य नियंत्रक	5
अपर/संयुक्त/उप बन्दोबस्त आयुक्त	1
निदेशक-पर्यटन	1
अपर/संयुक्त/उप-परियोजना प्रशासक—क्षेत्र विकास	3
निदेशक, अनुसूचित जाति तथा जन जाति	1
	229

2. केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति रिजर्व उपर्युक्त 1 से 40 प्रतिशत के हिसाब से	92
3. भारतीय प्रशासन सेवा (भर्ती) नियम, 1954 के नियम 8 के अधीन पदोन्नति तथा प्रवरण द्वारा भरे जाने वाले पद उपर्युक्त 1 और 2 के 33⅓ प्रतिशत के हिसाब से।	107
4. सीधी भर्ती द्वारा भरे जाने वाले पद उपर्युक्त 1 और 2 में 3 घटाकर	214
5. प्रतिनियुक्ति रिजर्व	88*
6 छुट्टी रिजर्व	12
7. कनिष्ठ पद	50
8 प्रशिक्षण रिजर्व	26
सीधी भर्ती वाले पद	390
पदोन्नति वाले पद	107
कुल प्राधिकृत संख्या	497

*इनमें 40 अतिरिक्त पद शामिल हैं।

[सं० 11031/8/78-अ०भा०से० (ii)]

G.S.R. 1279.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 3 of the All India Services Act, 1951 (61 of 1951), read with sub-rule (2), of rule 4 of the Indian Administrative Service (Cadre) Rules, 1954, the Central Government, in consultation with the Government of Uttar Pradesh hereby makes the following regulations further to amend the Indian Administrative Service (Fixation of Cadre Strength) Regulations, 1955, namely:—

1. (1) These regulations may be called the Indian Administrative Service (Fixation of Cadre Strength) Sixteenth Amendment Regulations, 1978.

(2) The shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Schedule to the Indian Administrative Service (Fixation of Cadre Strength) Regulations, 1955, for the heading "Uttar Pradesh" and the entries occurring thereunder, the following shall be substituted, namely:—

"UTTAR PRADESH"

1. Senior posts under the State Govt.	229
Chief Secretary to Govt.	1
Chairman, Board of Revenue	1
Members, Board of Revenue.	2
Members, (Judicial) Board of Revenue	7
President and Member, Administrative, Tribunal and Chairman, Vigilance Commission	1
Commissioners of Divisions	12
Commissioner for Consolidation	1
Commissioners and Secretaries	14
Commissioner, Food and Civil Supplies and Commissioner and Secretary	1
Slaes Tax Commissioner	1
Director, Administrative Training Institute	1
Commissioner and Director, Directorate of Industries	1
Settlement Commissioner	1
Commissioner and Project Administrator, Area Development	3
Secretaries/Special Secretaries to Govt.	21
Secretary to Governor	1
Secretary to Mukhya Mantri	1
Secretary, Board of Revenue	1
Additional/Joint/Deputy Secretaries to Govt.	52
States Editor, District Gazetteers	1
Excise Commissioner and Commissioner for Prohibition	1

Director, Planning Research and Action Division and Director Evaluation and Training Division-cum-Joint/Deputy Secretariat to Govt.	1
Additional/Joint Directors of Industries	3
Controller of Weights and Measures and Joint/Deputy Secretary to Government	1
Labour Commissioner	1
Additional Joint Labour Commissioner	1
Registrar, Co-operative Societies	1
Additional Registrars, Co-operative Societies	2
Cane Commissioner	1
Additional/Joint Sales Tax Commissioner	1
Additional Commissioners	2
Director of Panchayats	1
Chairman and Member, Administrative Tribunal	1
Director of Information and Secretary/Special Secretary/Joint Secretary/Deputy Secretary to Government	1
Director of Training and Employment	1
Director, Harijan and Social Welfare	1
Secretary, Public Service Commission	1
Deputy Commissioners/Magistrates and Collectors	57
Joint/Deputy Development Commissioners	5
Inspector General of Registration-cum-Chief Inspector of Stamps-cum-Joint Secretary, Board of Revenue.	1
Deputy Land Reforms Commissioners	2
Joint/Deputy Director, National Savings-cum-Joint/Deputy Secretary to Govt.	1
Deputy Commissioners, Food and Civil Supplies-cum-Deputy Secretary to Govt.	2
Deputy Director, Local Bodies-cum-Deputy Secretary to Government	1
Additional/Joint Director of Consolidation	1
Secretary and Director, Institutional Finance	1
Director Bureau of Public Enterprises	1
Director for Scheduled Castes and Scheduled Tribes	1
Director of Tourism	1
Addl./Joint/Deputy Project Administrator, Area Development	3
Addl./Joint /Deputy Settlement Commissioner	1
Transport Commissioner	1
Regional Food Controllers	5
TOTAL	229
2. Central Deputation Reserve at 407 of 1 above	92
3. Posts to be filled by promotion and selection under rule 8 of the Indian Administrative Service ((Recruitment) Rules, 1954 at 33⅓% of 1 and 2 above	107
4. Posts to be filled by direct recruitment (1 and 2 minus 3 above)	214
5. Deputation Reserve	88*
6. Leave Reserve	12
7. Junior Posts	50
8. Training Reserve	26
Direct Recruitmennt Posts	390
Promotion Posts	107
Total Authorised Strength.	497

*Includes 40 posts alllowed as ad-hoc increase.

[No. 11031/8/78-AIS(II)]

नई दिल्ली, 17 अक्तूबर, 1978

सा० का० नि० 1280.—भारतीय प्रशासन सेवा (वेतन) नियम, 1954 के नियम II के साथ पठित अखिल भारतीय सेवा अधिनियम 1951 (1951 का 61) की धारा 3 की उप धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार भारतीय प्रशासन सेवा (वेतन) नियम, 1954 में और आगे संशोधन करने के लिये एतद्द्वारा निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात्:—

1. (1) इन नियमों का नाम, भारतीय प्रशासन सेवा (वेतन) बसवां संशोधन नियम, 1978 है ।

(2) ये सरकारी राजपत्र में प्रकाशित होने की तारीख से लागू होंगे।

2. भारतीय प्रशासन सेवा (वेतन) नियम, 1954 की अनुसूची-3-ख में "संघ शासित क्षेत्र—दिल्ली प्रशासन" शीर्षक के अधीन तत्स्थानी पद "आबकारी-आयुक्त" के स्थान पर "आबकारी-आयुक्त तथा निदेशक नशाबन्दी" प्रतिस्थापित किए जायें ।

[संख्या 11031/21/78-अ०भा०से०(II)-ख]

New Delhi, the 17th October, 1978

G.S.R. 1280.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 3 of the All India Services Act, 1951 (61 of 1951) read with rule 11 of the Indian Administrative Service (Pay) Rules, 1954 the Central Government, hereby makes the following rules further to amend the Indian Administrative Service (Pay) Rules, 1954, namely :—

1. (1) These rules may be called the Indian Administrative Service (Pay) Tenth Amendment Rules, 1978.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Indian Administrative Service (Pay) Rules, 1954.—

In Schedule III-B Posts carrying pay in the senior scale of the Indian Administrative Service under the State Governments (including posts carrying special pay in addition to pay in the time scale). In the Table, under the heading "Union-territories" and below Delhi-Administrative, occurring in his first column and the corresponding entries in the second column, the following shall be substituted in place of the existing entry "Excise Commissioner" :—

"Commissioner of Excise and Director Prohibition."

[No. 11031/21/78-AIS(II)B]

सा० का० नि० 1281—भारतीय प्रशासन सेवा (संवर्ग) नियम, 1954 के नियम 4 के उपनियम (2) के प्रथम परन्तुक और उपनियम (1) के साथ पठित, अखिल भारतीय सेवा अधिनियम 1951 (1951 का 61) की धारा 3 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार, भारतीय प्रशासन सेवा (संवर्ग संख्या का नियतन) विनियम, 1955 में और आगे संशोधन करने के लिए एतद्द्वारा निम्नलिखित विनियम बनाती है, अर्थात्:—

1. (1) इन विनियमों का नाम भारतीय प्रशासन सेवा (संवर्ग संख्या का नियतन) अठारहवां संशोधन विनियम, 1978 है ।

(2) ये विनियम सरकारी राजपत्र में प्रकाशित होने की तारीख से लागू होंगे ।

2. भारतीय प्रशासन सेवा (संवर्ग संख्या का नियतन) विनियम, 1955 की अनुसूची में "संघ शासित क्षेत्र दिल्ली प्रशासन" शीर्षक के अधीन तत्स्थानी पद "आबकारी-आयुक्त" के स्थान पर "आबकारी-आयुक्त तथा निदेशक-नशाबन्दी-1" प्रतिस्थापित किए जायें ।

[सं० 11031/21/78-अ० भा० से० (II)-क]

कृष्ण लाल भेगी, अवर सचिव

G.S.R. 1281.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 3 of the All India Services Act, 1951 (61 of 1951), read with sub-rule (1), and the first proviso to sub-rule (2), of rule 4 of the Indian Administrative Service (Cadre) Rules, 1954, the Central Government, hereby makes the following regulations further to amend the Indian Administrative Service (Fixation of Cadre Stength) Regulations, 1955 namely :—

1. (1) These regulations may be called the Indian Administrative Service (Fixation of Cadre Strength) Eighteenth Amendment Regulations, 1978.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Schedule to the Indian Administrative Service (Fixation of Cadre Strength) Regulations, 1955, for the existing entry 'Excise Commissioner' against Delhi-Administration, under the heading "Union-territories" the following entry shall be substituted :—

"Commissioner of Excise and Director of Prohibition."

[No. 11031/21/78-AIS(II) A]
K. L. NEGI, Under Secy.

वित्त मंत्रालय

(आर्थिक कार्य विभाग)

नई दिल्ली, 18 सितम्बर, 1978

सा० का० नि० 1282.—संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राष्ट्रपति, एतद्द्वारा वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग (बैंक नोट प्रैस, देवास, श्रेणी I और श्रेणी II के पद) भर्ती नियमावली, 1975 में और संशोधन आगे करते हुए निम्नलिखित नियम बनाते हैं; अर्थात्:—

1. (1) इन नियमों को वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग (बैंक नोट प्रैस, देवास, श्रेणी-I और श्रेणी-II के पद) भर्ती (दूसरा संशोधन) नियमावली 1978 कहा जाएगा ।

(2) ये नियम इनके सरकारी राजपत्र में प्रकाशित किए जाने की तारीख से लागू होंगे ।

2. वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग (बैंक नोट प्रैस, देवास, श्रेणी I और श्रेणी II के पद) भर्ती नियमावली, 1975 के नियम 7 के स्थान पर निम्नलिखित नियम प्रतिस्थापित किया जाएगा; अर्थात्:—

"7. अपवाद:—इन नियमों का कोई भी उपबन्ध, अनुसूचित जातियों तथा आदिम जातियों तथा अन्य श्रेणियों के व्यक्तियों के संबंध में समय-समय पर इस संबंध में केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी किए गए आदेशों के अनुसार, दिये जाने वाले आरक्षणों, आयु-सीमा संबंधी छूटों तथा अन्य छूटों पर प्रभाव नहीं डालेगा।"

[संख्या 4/36/78-बी०एन०पी०(i)]

MINISTRY OF FINANCE

(Department of Economic Affairs)

New Delhi, the 18th September, 1978

G.S.R. 1282.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules further to amend the Ministry of Finance, Department of Economic Affairs (Bank Note Press, Dewas, Class I and Class II Posts) Recruitment Rules, 1975, namely :—

1. (1) These rules may be called the Ministry of Finance, Department of Economic Affairs (Bank Note Press, Dewas, Class I and Class II Posts) Recruitment (Second Amendment) Rules, 1978.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. For rule 7 of the Ministry of Finance, Department of Economic Affairs (Bank Note Press, Dewas, Class I and Class II Posts) Recruitment Rules, 1975, the following rule shall be substituted, namely :—

"7. Saving.—Nothing in these rules shall affect reservations, relaxation of age limit and other concessions required to be provided for Scheduled Castes and Scheduled Tribes and other special categories of persons in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard."

[No. F. 4/36/78-BNP (i)]

सा० का० नि० 1283.—संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राष्ट्रपति एतद्द्वारा वित्त मंत्रालय आर्थिक कार्य विभाग (बैंक नोट प्रैस, देवास, श्रेणी III के पद) भर्ती नियमावली, 1975 में और आगे संशोधन करते हुए निम्नलिखित नियम बनाते हैं; अर्थात्:—

1. (1) इन नियमों को वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग (बैंक नोट प्रेस देवास श्रेणी, III के पद) भर्ती (पांचवां संशोधन) नियमावली, 1978 कहा जाएगा।

(2) ये नियम इनके सरकारी राजपत्र में प्रकाशित किए जाने की तारीख से लागू होंगे।

2. वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग (बैंक नोट प्रेस, देवास, श्रेणी III के पद) भर्ती नियमावली, 1975 के नियम 7 के स्थान पर निम्नलिखित नियम प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात्:—

"7. अपवाद:—इन नियमों का कोई भी उपबन्ध, अनुसूचित जातियों तथा आदिम जातियों तथा अन्य श्रेणियों के व्यक्तियों के संबंध में समय समय पर इस संबंध में केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी किए गए आदेशों के अनुसार, दिए जाने वाले आरक्षणों, आयु-सीमा संबंधी छूटों तथा अन्य छूटों पर प्रभाव नहीं डालेगा।"

[संख्या एफ० 4/36/78-बी० एन० पी०(ii)]

G.S.R. 1283.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules further to amend the Ministry of Finance, Department of Economic Affairs (Bank Note Press, Dewas Class III posts) Recruitment Rules, 1975, namely :—

1. (1) These rules may be called the Ministry of Finance Department of Economic Affairs (Bank Note Press, Dewas Class III posts) Recruitment (Fifth Amendment) Rules, 1978.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. For rule 7 of the Ministry of Finance, Department of Economic Affairs (Bank Note Press, Dewas Class III posts) Recruitment Rules, 1975, the following rule shall be substituted, namely :—

"7. Saving.—Nothing in these rules shall affect reservations, relaxation of age limit and other concessions required to be provided for Scheduled Castes and Scheduled Tribes and other special categories of persons in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard."

[No. F. 4/36/78-BNP(ii)]

सा० का० नि० 1284.—संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राष्ट्रपति एतद्द्वारा वित्त मंत्रालय आर्थिक कार्य विभाग (बैंक नोट प्रेस, देवास, अवर्गीकृत औद्योगिक संवर्ग

के पद) भर्ती नियमावली, 1975 में और आगे संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात्:—

1. (1) इन नियमों को वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग (बैंक नोट प्रेस, देवास, अवर्गीकृत औद्योगिक संवर्ग के पद) भर्ती (द्वितीय संशोधन) नियमावली, 1978 कहा जाएगा।

(2) ये नियम, इनके सरकारी राजपत्र में प्रकाशित किए जाने की तारीख से लागू होंगे।

2. वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग (बैंक नोट प्रेस, देवास, अवर्गीकृत, औद्योगिक संवर्ग के पद) भर्ती नियमावली, 1975 के नियम 7 के स्थान पर निम्नलिखित नियम प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात्:—

"7. बचत:—इन नियमों का कोई भी उपबन्ध, अनुसूचित जातियों तथा आदिम जातियों तथा अन्य श्रेणियों के व्यक्तियों के संबंध में समय-समय पर इस संबंध में केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी किए गए आदेशों के अनुसार दिये जाने वाले आरक्षणों, आयु-सीमा, संबंधी छूटों तथा अन्य छूटों पर प्रभाव नहीं डालेगा।"

[संख्या एफ० 4/36/78-बी०एन०पी० (iii)]

G.S.R. 1284.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules further to amend the Ministry of Finance, Department of Economic Affairs (Bank Note Press, Dewas, Unclassified Industrial Cadre posts) Recruitment Rules, 1975, namely :—

1. (1) These rules may be called the Ministry of Finance, Department of Economic Affairs (Bank Note Press, Dewas, Unclassified Industrial Cadre posts) Recruitment (Second Amendment) Rules, 1978.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. For rule 7 of the Ministry of Finance, Department of Economic Affairs (Bank Note Press, Dewas, Unclassified Industrial Cadre posts) Recruitment Rules, 1975, the following rule shall be substituted, namely :—

"7. Saving.—Nothing in these rules shall affect reservations relaxation of age limit and other concessions required to be provided for Scheduled Castes and Scheduled Tribes and other special categories of persons in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard."

[No. F. 4/36/78-BNP (iii)]

सा० का० नि० 1285.—संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राष्ट्रपति एतद्द्वारा वित्त मंत्रालय आर्थिक कार्य विभाग, (बैंक नोट प्रेस, देवास, श्रेणी IV के पद) भर्ती नियमावली, 1975 में और आगे संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात्:—

1. (1) इन नियमों को वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग (बैंक नोट प्रेस, देवास, श्रेणी IV के पद) भर्ती (द्वितीय संशोधन) नियमावली 1978 कहा जाएगा।

(2) ये नियम इनके सरकारी राजपत्र में प्रकाशित होने की तारीख से लागू होंगे।

2. वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग (बैंक नोट प्रेस, देवास, श्रेणी IV के पद) भर्ती नियमावली, 1975 के नियम 7 के स्थान पर निम्नलिखित नियम को प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात्:—

"7. बचत:—इन नियमों का कोई भी उपबन्ध, अनुसूचित जातियों तथा आदिम जातियों तथा अन्य श्रेणियों के व्यक्तियों के संबंध में समय-समय पर इस संबंध में केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी किये गए आदेशों के अनुसार दिए जाने वाले आरक्षणों, आयु सीमा संबंधी छूटों तथा अन्य छूटों पर प्रभाव नहीं डालेगा।"

[संख्या एफ० 4/36/78-बी०एन०पी० (iv)]

लाज कुमार मल्होत्रा, अवर सचिव

G.S.R. 1285.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules further to amend the Ministry of Finance, Department of Economic Affairs (Bank Note Press, Dewas, Class IV posts) Recruitment Rules, 1975, namely :—

1. (1) These rules may be called the Ministry of Finance, Department of Economic Affairs (Bank Note Press, Dewas, Class IV posts) Recruitment (Second Amendment) Rules, 1978.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. For rule 7 of the Ministry of Finance, Department of Economic Affairs (Bank Note Press, Dewas, Class IV post) Recruitment Rules, 1975, the following rule shall be substituted, namely :—

"7. Saving.—Nothing in these rules shall affect reservations, relaxation of age limit and other concessions required to be provided for Scheduled Castes and Scheduled Tribes and other special categories of persons in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard."

[No. F. 4/36/78-BNP(iv)]

L.K. MALHOTRA, Under Secy.

वाणिज्य, नागरिक पूर्ति और सहकारिता मंत्रालय

(नागरिक पूर्ति और सहकारिता विभाग)

नई दिल्ली, 9 अक्तूबर, 1978

सा. का. नि. 1286.—केन्द्रीय सरकार, राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम, नियम, 1975 के नियम 4 के साथ पठित राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम अधिनियम, 1962 (1962 का 26) की धारा 3 की उपधारा 4 के खण्ड (8), (14), (15), (16) और (17) के अनुसरण में, और भारत सरकार के भूतपूर्व उद्योग और नागरिक पूर्ति (नागरिक पूर्ति और सहकारिता विभाग) की अधिसूचना सं. सा. का. नि. 192(अ), तारीख 5 अप्रैल, 1975 के भागतः उपान्तरण में निम्नलिखित व्यक्तियों को राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम की महापरिषद के सदस्यों के रूप में नामनिर्दिष्ट करती है, अर्थात :—

1. बैंक का प्रतिनिधित्व कर रहे धारा 3(4)(8) के अधीन नाम निर्देशिती
   अध्यक्ष
   सिन्डीकेट बैंक

2. राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों का प्रतिनिधित्व कर रहे धारा 3(4) (14) के अधीन नाम निर्देशिती

   1. आयुक्त और सरकार के सचिव
      सहकारी विभाग, राजस्थान।

   2. सरकार के सचिव और निदेशक,
      सी.डी. और एम. एस. और कृषि उत्पादन
      विभाग, जम्मू और कश्मीर।

3. कृषि उत्पादन आयुक्त, मध्य प्रदेश ।

4. कृषि उत्पादन आयुक्त,
बिहार ।

5. सरकार का सचिव,
सहकारिता भारसाधक
हरियाणा ।

6. विकास आयुक्त,
अन्डमान और निकोबार ।

7. सरकार का सचिव,
सहकारिता भारसाधक,
त्रिपुरा ।

8. सरकार का सचिव,
सहकारिता भारसाधक,
मेघालय ।

सरकार का सचिव,
सहकारिता भारसाधक,
गुजरात ।

10. सरकार का सचिव,
सहकारिता भारसाधक,
गोवा ।

11. सरकार का सचिव,
सहकारिता भारसाधक,
तमिलनाडु ।

3. राज्य स्तर के सहकारी परिसंघ का प्रतिनिधित्व कर रहे धारा 3(4) (15) के अधीन नाम निर्देशिती ।

1. अध्यक्ष,
राज्य सहकारी विपणन परिसंघ लिमिटेड, पंजाब ।

2. अध्यक्ष,
राज्य सहकारी विपणन परिसंघ लिमिटेड, हिमाचल प्रदेश ।

3. अध्यक्ष,
राज्य सहकारी विपणन परिसंघ लिमिटेड, पश्चिमी बंगाल ।

4. अध्यक्ष,
राज्य सहकारी विपणन परिसंघ लिमिटेड, उत्तर प्रदेश ।

5. अध्यक्ष,
राज्य सहकारी विपणन परिसंघ लिमिटेड, उड़ीसा ।

6. अध्यक्ष,
राज्य सहकारी विपणन परिसंघ लिमिटेड, आसाम ।

7. अध्यक्ष,
राज्य सहकारी विपणन परिसंघ लिमिटेड, नागालैंड ।

8. अध्यक्ष,
राज्य सहकारी विपणन परिसंघ लिमिटेड, महाराष्ट्र ।

9. अध्यक्ष,
राज्य सहकारी विपणन परिसंघ लिमिटेड, कर्नाटक ।

10. अध्यक्ष,
राज्य सहकारी विपणन परिसंघ लिमिटेड, केरल ।

11. अध्यक्ष,
आन्ध्र प्रदेश राज्य सहकारी विपणन परिसंघ लिमिटेड,
हैदराबाद ।

4. कृषि सहकारी विकास में विशेष जानकारी या व्यावहारिक अनुभव वाले व्यक्तियों का प्रतिनिधित्व कर रहे धारा 3(4)(16) के अधीन नामनिर्देशिती ।

1. डा. डी. के. पटेल,
गुजरात राज्य सहकारी खण्ड उद्योग संघ लिमिटेड,
सरदार बाग,
बारदोली-2, जिला सूरत (गुजरात) ।

2. श्री एस. एस. पुरी,
मुख्य सचिव, पंजाब सरकार,
चण्डीगढ़ ।

3. श्री डी. पी. सिंह,
कुलपति,
राजेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, बिहार (पटना) ।

4. श्री रघुबीर सिंह कौशल, एम.एल.ए.,
भोजयाखेरी, ऊंटा, जिला कोटा (राजस्थान) ।

सहकारी कार्यक्रमों की उन्नति या विकास में लगे हुए या हितबद्ध राष्ट्रीय स्तर के संगठनों का प्रतिनिधित्व कर रहे धारा 3(4) (17) के अधीन नाम निर्देशिती ।

1. अध्यक्ष,
राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता परिसंघ लिमिटेड,
नई दिल्ली ।

2. अध्यक्ष,
इण्डियन फारमर्स फर्टीलाइजर को-आपरेटिव लिमिटेड,
नई दिल्ली ।

3. अध्यक्ष,
राष्ट्रीय सहकारी भूमि विकास,
बैंक परिसंघ,
मुम्बई ।

[फा. सं.-एस-12011/2/78-ए.सी.एम.पी.]

के. नारायणन, संयुक्त सचिव

MINISTRY OF COMMERCE, CIVIL SUPPLIES AND COOPERATION

(Department of Civil Supplies and Cooperation)

New Delhi, the 9th October, 1978

G.S.R. 1286.—In pursuance of clauses (viii), (xiv), (xv), (xvi) and (xvii) of sub-section (4) of section 3 of the National Corporative Development Corporation Act, 1962 (26 of 1962), read with rule 4 of the National Cooperative Development Corporation Rules, 1975, and in partial modification of the notification of the Government of India in the late Ministry of Industry and Civil Supplies (Department of Civil Supplies and Cooperation) No. G.S.R. 192(E), dated the 5th April, 1975, the Central Government hereby nominates the following persons as members of the General Council of the National Cooperative Development Corporation, namely :—

I. Nominee under section 3(4)(viii) representing Banks :

1. Chairman, Syndicate Bank,

II. Nominees under section 3(4)(xiv) representing State Governments and Union Territory Administrations :

1. Commissioner and Secretary to Government, Department of Cooperation, Rajasthan.
2. Secretary to Government and Director, CD and NES and Agricultural Production Department, Jammu and Kashmir.
3. Agricultural Production Commissioner, Madhya Pradesh.
4. Agricultural Production Commissioner Bihar.
5. Secretary to Government, Incharge of Cooperation, Haryana.
6. Development Commissioner, Andaman and Nicobar.
7. Secretary to Government, Incharge of Cooperation, Tripura.
8. Secretary to Government, Incharge of Cooperation, Meghalaya.
9. Secretary to Government, Incharge of Cooperation, Gujarat.
10. Secretary to Government, Incharge of Cooperation, Goa.
11. Secretary to Government, Incharge of Cooperation, Tamil Nadu.

III. Nominees under section 3(4)(xv) representing State level cooperative federations :

1. Chairman, State Cooperative Marketing Federation Ltd., Punjab.
2. Chairman, State Cooperative Marketing Federation Ltd., Himachal Pradesh.
3. Chairman, State Cooperative Marketing Federation Ltd., West Bengal.
4. Chairman, State Cooperative Marketing Federation Ltd., Uttar Pradesh.
5. Chairman, State Cooperative Marketing Federation Ltd., Orissa.
6. Chairman, State Cooperative Marketing Federation Ltd., Assam.
7. Chairman, State Cooperative Marketing Federation Ltd., Nagaland.
8. Chairman, State Cooperative Marketing Federation Ltd., Maharashtra.
9. Chairman, State Cooperative Marketing Federation Ltd., Karnataka.
10. Chairman, State Cooperative Marketing Federation Ltd., Kerala.
11. Chairman, Andhra Pradesh State Cooperative Marketing Federation Ltd., Hyderabad.

IV. Nominees under section 3(4)(xvi) representing persons having special knowledge of, or practical experience in agricultural cooperative development :

1. Dr. D. K. Patel, Gujarat Rajya Sahakari Khand Udyog Sangh Ltd., Sardar Baug, Bardoli-2, District Surat (Gujarat).
2. Shri S. S. Puri, Chief Secretary to the Government of Punjab, Chandigarh.
3. Shri D. P. Singh, Vice-Chancellor, Rajendra Agricultural Univversity Patna, Bihar.
4. Shri Raghubir Singh Kaushal, MLA., Bhojyakheri, Anta, Distt. Kota (Rajasthan).

V. Nominees under section 3(4)(xvii) representing national level organisations engaged or interested in the promotion and development of cooperative programmes :

1. Chairman, National Cooperative Consumers' Federation Ltd., New Delhi.
2. Chairman, Indian Farmers' Fertiliser Cooperative Ltd., New Delhi.
3. Chairman, National Cooperative Land Development Banks' Federation, Bombay.

[File No. L. 12011/2/78-ACMP]
K. NARAYANAN, Jt. Secy.

उद्योग मंत्रालय

(औद्योगिक विकास विभाग)

नई दिल्ली, 12 अक्तूबर, 1978

सा.का.नि. 1287.—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और भारत सरकार के निर्माण, आवास और पूर्ति मंत्रालय की अधिसूचना सं. एस एण्ड पी 2-48(1) 160, तारीख 6 जुलाई, 1962 को अधिक्रान्त करते हुए विस्फोटक विभाग में समूह 'ग' पदों पर भर्ती की पद्धति को विनियमित करने वाले निम्नलिखित नियम बनाते हैं अर्थात् :—

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ :—(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम विस्फोटक विभाग, (समूह 'ग' पद) भर्ती नियम, 1978 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. लागू होना :—ये नियम इससे उपाबद्ध अनुसूची के स्तम्भ 1 में विनिर्दिष्ट पदों को लागू होंगे।

3. पद संख्या, वर्गीकरण और वेतनमान :—उक्त पदों की संख्या, उनका वर्गीकरण और उनके वेतनमान वे होंगे जो उक्त अनुसूची के स्तम्भ 2 से 4 तक में विनिर्दिष्ट हैं।

4. भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा और अर्हताएं आदि :— उक्त पदों पर भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं और उनसे संबंधित अन्य बातें वे होंगी जो पूर्वोक्त अनुसूची के स्तम्भ 5 से 13 तक में विनिर्दिष्ट हैं।

5. निरर्हताएं :—वह व्यक्ति,—

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से, जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है, या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित होते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया हो, उक्त पदों में से किसी पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा।

6. नियम शिथिल करने की शक्ति :—जहां केन्द्रीय सरकार की राय हो कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहां वह, उसके लिए जो कारण हैं उन्हें लेखबद्ध करके इन नियमों के किसी उपबंध को किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों या पदों की बाबत, आदेश द्वारा, शिथिल कर सकेगी।

7. व्यावृत्ति :—इन नियमों की कोई भी बात ऐसे आरक्षणों और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी, जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर निकाले गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य विशेष प्रवर्गों के व्यक्तियों के लिए उपबंध करना अपेक्षित है।

अनुसूची

पद का नाम	पदों की संख्या	वर्गीकरण	वेतनमान	चयन पद अथवा अचयन पद	सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयु-सीमा	सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए शैक्षिक और अन्य अर्हताएं
1	2	3	4	5	6	7
1. अधीक्षक	1	साधारण केन्द्रीय सेवा समूह 'ग' अराजपत्रित लिपिकवर्गीय	550-20-650-25-750 रु०	चयन	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता
2. ज्येष्ठ रसायन सहायक	1	साधारण केन्द्रीय सेवा समूह 'ग' अराजपत्रित अलिपिकवर्गीय	550-25-750-द० रो०-30-900 रु०	चयन	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता

(ग) अभ्यर्थी को, अपेक्षा की जाने पर, परीक्षक की उपस्थिति में मोटर जलयान के इंजनों को वस्तुतः चालू करके अपना व्यावहारिक ज्ञान दर्शित करना चाहिए ।

(घ) अभ्यर्थी को उससे सम्बद्ध सहायक मशीनरी अर्थात् विद्युत लाईट इंजनों, स्टीयरिंग इंजनों, वाष्पित्रों और पम्पों का काम चलाऊ ज्ञान होना चाहिए ।

प्रथम वर्ग इंजन ड्राइवर प्रमाण पत्र के लिए अर्हताएं :

40. प्रथम वर्ग इंजन ड्राइवर प्रमाण पत्र के अभ्यर्थी ने बाइस वर्ष की आयु प्राप्त कर ली होनी चाहिए और उसके पास निम्नलिखित अर्हताओं में से कोई अर्हता होनी चाहिए, अर्थात् :—

(क) उसने वाष्प इंजनों के निर्माण या उनकी मरम्मत के कार्य में कम से कम 3 वर्ष शिक्षु के रूप में सेवा की हो और वाष्प जलयान अधिनियम के अधीन या इन नियमों के अधीन प्रदान किए गए वाष्प जलयानों के लिए द्वितीय वर्ग इंजन ड्राइवर प्रमाणपत्र को धारण करते हुए, 80 से अन्यून । नियत अश्वशक्ति के इंजन वाले स्टीमर में एक वर्ष सहायक के रूप में सेवा की हो, अथवा

(ख) समुद्र पर या अन्तर्देशीय जलक्षेत्रों में किसी स्टीमर के इंजन कक्ष में पांच वर्ष सेवा की हो जिस सेवा के दो वर्ष, वाष्प जलयान अधिनियम के अधीन या इन नियमों के अधीन वाष्प जलयानों के लिए प्रदान किए गए द्वितीय वर्ग-इंजन ड्राइवर प्रमाणपत्र धारण करते हुए, 30 से अन्यून नियत अश्व शक्ति के योगिक पृष्ठीय संघनिक इंजनों वाले स्टीमर में वाच के भारसाधक सेरंग, मुख्य टिंडल या फायरमैन रहा हो, अथवा

(ग) उसने वाष्प जलयान अधिनियम के अधीन या इन नियमों के अधीन प्रदान किए गए वाष्प जलयानों के लिए द्वितीय वर्ग इंजन ड्राइवर प्रमाणपत्र सहित, ऐसे स्टीमर के जिस पर 30 से अन्यून नियत अश्वशक्ति के योगिक पृष्ठीय संघनक इंजन लगे हों, मुख्य इंजनो और बायलरों पर वाच के भारसाधक नियत दिवतीय वर्ग ड्राइवर के रूप में एक वर्ष सेवा की हो।

(घ) उसने वाष्प जलयान अधिनियम के अधीन या इन नियमों के अधीन प्रदान किए गए वाष्प जलयानों के लिए द्वितीय वर्ग इंजन ड्राइवर प्रमाणपत्र सहित, 20 से अन्यन नियत अश्वशक्ति के योगिक पृष्ठीय संघनक इंजनों वाले स्टीमर के इंजनों के भारसाधक ड्राइवर के रूप में एक वर्ष सेवा की हो, अथवा

(ङ) उसने वाष्प जलयान अधिनियम के या इन नियमों के अधीन प्रदान किए गए वाष्प जलयानों के लिए द्वितीय वर्ग ड्राइवर प्रमाणपत्र सहित, ऐसे स्टीमर के जिस पर 30 से अन्यून नियत अश्वशक्ति के योगिक पृष्ठीय संघनक इंजन लगे हों मुख्य इंजनों और बायलरों पर वाच के भारसाधक सेरंग या प्रधान टिंडल के रूप में 18 मास सेवा की हो, अथवा

(च) उसने समुचित रूप में अर्हित प्रबंधक या इंजीनियर के अधीन किसी कारखाने या मिल के इंजनों के भारसाधक के रूप में 3 वर्ष और वाष्प जलयान अधिनियम के अधीन या इन नियमों के अधीन प्रदान किए गए वाष्प जलयानों के लिए द्वितीय वर्ग इंजिन ड्राइवर प्रमाणपत्र को धारण करते हुए ऐसे स्टीमर के जिसमें 80 से अन्यून नियत अश्वशक्ति के इंजन लगे हों, सहायक इंजीनियर, इंजन का सेरंग या मुख्य टिंडल के रूप में दो वर्ष सेवा की हो।

41. उसे नियम 34 द्वारा अपेक्षित किन्तु अधिक उच्च स्तरीय परीक्षा जैसे द्वितीय श्रेणी इंजिन ड्राइवर प्रमाणपत्र के लिए मौखिक परीक्षा उत्तीर्ण करनी चाहिए।

42. इसे प्राप्त हो जाने पर ऐसे सभी अन्य परीक्षणों की पूर्ति करने के पश्चात्, जिनके अधीन उसे दिया जाएगा स्टीमर के इंजनों को वस्तुतः चालू करके अपनी व्यवहारिक अर्हताओं को दर्शित करने में भी समर्थ होना चाहिए।

प्रथम वर्ग मोटर इंजन-ड्राइवर प्रमाणपत्र के लिए अर्हताएं

43. प्रथम वर्ग मोटर इंजन-ड्राईवर प्रमाणपत्र के लिए अभ्यर्थी ने 22 वर्ष की आयु प्राप्त कर ली हो और उसके पास निम्नलिखित अर्हताओं में से कोई अर्हता होनी चाहिए, अर्थात :-

(क) उसने वाष्प जलयान अधिनियम के अधीन या इन नियमों के अधीन प्रदान किया गया, मोटर जलयानों के लिए द्वितीय वर्ग इंजन-ड्राईवर प्रमाणपत्र धारण करते हुए, 666 से अन्यून ब्रेक अश्वशक्ति के मोटर जलयानों के इंजन-ड्राइवर या मुख्य इंजनों पर नियमित वाच के रूप में कम से कम एक वर्ष सेवा की हो अथवा

(ख) उसने वाष्प जलयान अधिनियम के अधीन या इन नियमों के अधीन प्रदान किए गए मोटर जलयानों के लिए द्वितीय वर्ग इंजन ड्राइवर प्रमाणपत्र सहित 226 से अन्यून ब्रेक अश्वशक्ति के मोटर जलयानों के मुख्य इंजनों पर वाच के भारसाधक द्वितीय ड्राइवर के रूप में 18 मास से अन्यून अवधि पर्यन्त सेवा की हो, अथवा

(ग) (i) उसने वाष्प जलयान अधिनियम के अधिन या इन नियमों के अधीन प्रदान किए गए मोटर जलयानों के लिए द्वितीय वर्ग इंजिन-ड्राइवर प्रमाणपत्र धारण करते हुए 226 से अन्यून ब्रेक अश्वशक्ति के मोटर जलयान के इंजन कक्ष में कम से कम 4 वर्ष की अवधि के लिए सेवा की हो, जिस अवधि में से कम से कम एक वर्ष मुख्य सेरंग या मुख्य टिन्डल के रूप में सेवा की हो ;

(ii) यदि मोटर जलयान 170 से अन्यून ब्रेक अश्वशक्ति का है तो उसने ऐसे जलयान में 6 वर्ष से अन्यून की अवधि तक सेवा की होनी चाहिए जिस अवधि में से कम-से-कम दो वर्ष वाष्प जलयान अधिनियम के अधीन या इन नियमों के अधिन प्रदान किया गया मोटर जलयानों के लिए द्वितीय वर्ग इंजन ड्राइवर प्रमाणपत्र धारण करते हुए सेरंग, मुख्य आयल लेने या मुख्य प्रेजर के रुप में सेवा की गई हो, अथवा

(घ) उसने वाष्प जलयान अधिनियम के अधिन या इन नियमों के अधीन प्रदान किए गए मोटर यानों के लिए द्वितीय वर्ग इंजन ड्राईवर प्रमाणपत्र के सहित, 113 से अन्यून ब्रेक अश्वशक्ति के मोटर जलयान के इंजन के भारसाधक ड्राइवर के रूप में 18 मास से अन्यून अवधि पर्यन्त सेवा की हो, अथवा

(ङ) उसने मोटर जलयान अधिनियम के अधीन या इन नियमों के अधीन प्रदान किए गए मोटर यानों के लिए द्वितीय वर्ग इंजन ड्राइवर प्रमाणपत्र के सहित, 226 से अन्यून ब्रेक अश्वशक्ति के मोटर जलयान में कम से कम दो वर्ष सेरंग, मुख्य टिन्डल या मुख्य ग्रेजर के रूप में सेवा की हो, अथवा

(च) उसने वाष्प जलयान अधिनियम के अधिन इन नियमों के अधीन प्रदान किया गया मोटर यानों के लिए द्वितीय श्रेणी ड्राईवर प्रमाणपत्र धारण करते हुए, किसी प्रमाणपत्र प्राप्त इंजीनियर के अधीन किसी कारखाने या मिल के इंजनों के भारसाधक के रूप में कम से कम तीन वर्ष की तथा 226 से अन्यून ब्रेक अश्वशक्ति के मोटर जलयान के इंजन कक्ष में कम से कम एक वर्ष सहायक इंजीनियर, सेरंग मुख्य टिंडल या मुख्य ग्रेजर के रूप में सेवा की हो, अथवा

(छ) उसने वाष्प जलयान अधिनियम के अधीन या इन नियमों के अधीन प्रदान किया गया प्रथम वर्ग इंजन ड्राइवर प्रमाणपत्र धारण करते हुए, 226 से अन्यून ब्रेक अश्वशक्ति के मोटर जलयानों के मुख्य इंजन की नियमित चौकसी पर के इंजन ड्राइवर के रूप में कम से कम दो वर्ष सेवा की हो, अथवा

(ज) उसने वाष्प-जलयान अधिनियम के अधीन या इन नियमों के अधीन प्रदान किया गया द्वितीय वर्ग इंजन ड्राइवर प्रमाणपत्र धारण करते, हुए 226 से अन्यून ब्रेक अश्वशक्ति के मोटर जलयानों के मुख्य इंजनों की नियमित चौकसी पर के इंजन ड्राईवर के रूप में कम से कम चार वर्ष सेवा की हो;

(झ) उसके पास वाणिज्य पोत परिवहन अधिनियम के अधीन प्रदान किया गया समुद्रगामी वाष्प जलयानों का इंजन ड्राईवर प्रमाणपत्र होना चाहिए और उसने 226 से अन्यून ब्रेक अश्वशक्ति के मोटर जलयानों के मुख्य इंजनों के नियमित चौकसी पर कम से कम 1 वर्ष की अवधि पर्यन्त सेवा की हो।

44. उसने द्वितीय वर्ग मोटर इंजन ड्राइवर प्रमाणपत्र के लिए नियम 37 से 39 के अधीन अपेक्षित जैसी किन्तु अधिक उच्च स्तर की मौखिक परीक्षा उत्तीर्ण कर ली हो।

इंजीनियर प्रमाण-पत्र के लिए अर्हताएं

45 इंजीनियर प्रमाणपत्र के लिए अभ्यार्थी की 22 वर्ष से कम आयु का नहीं होना चाहिए और उसके पास निम्नलिखित अर्हताएं होनी चाहिए, अर्थात :—

(क) (i) उसने चार वर्ष तक शिक्षु इंजीनियर के रूप में सेवा की हो और उसे यह साबित करना होगा कि अपनी शिक्षुता की अवधि के दौरान वह वाष्प इंजनों, बायलरों आदि के निर्माण या मरम्मत कार्य पर नियोजित था।

(ii) जलमैन का समय शिक्षुता के समतुल्य माना जाएगा

(iii) उपर वर्णित शिक्षुता के अतिरिक्त, आवेदक ने तत्पश्चात ऐसे स्टीमर में जिसमें 80 से अन्यून नियत अश्वशक्ति के इंजन लगे हों, सहायक इंजीनियर के रूप में अथवा वाष्प जलयान अधिनियम के अधीन या इन नियमों के अधीन प्रदान किए गए प्रथम वर्ग इंजन ड्राईवर प्रमाणपत्र के सहित, 30 से अन्यून नियत अश्वशक्ति के यौगिक पृष्ठीय संघनक इंजनों वाले स्टीमर के इंजनों के भारसाधक ड्राईवर के रूप में दो वर्ष सेवा की हो ;

(iv) उपर्युक्त सेवा के न होने की दशा में, उसने वाष्प जलयान अधिनियम के अधीन या इन नियमों के अधीन प्रदान किए गए प्रथम वर्ग इंजन ड्राइवर प्रमाणपत्र के सहित, 80 से अन्यून नियत अश्वशक्ति के यौगिक पृष्ठीय संघनक इंजनों वाले अन्तर्देशीय जलयानों के इंजनों के भारसाधक के रूप में 3 वर्ष, अथवा 30 से अन्यून नियत अश्वशक्ति के अन्तर्देशीय जलयानों में इंजन के भारसाधक के रूप में चार वर्ष सेवा की हो ।

(ख) उसे विभिन्न वाल्वों, कार्कों, पाइपों और कनेक्शनों के प्रयोग और नियंत्रण के साथ-साथ बायलरों का विचरण और उन्हें एकत्र रखने की पद्धतियों का समाधानप्रद विचरण देने में समर्थ होना चाहिए ।

(ग) उसे दुर्घटना, क्षय आदि से हुए नुक्सों को ठीक करने और ऐसे नुक्सों की मरम्मत करने के साधनों की जानकारी होनी चाहिए ।

(घ) उसे जल गेज, वाष्प गेज, बैरोमीटर, थर्मामीटर और लवणता-मापी के प्रयोग और उन सिद्धांतों की जानकारी होनी चाहिए जिन पर उनका निर्माण किया जाता है ।

(ङ) उसे पर्पटीभवन और संरक्षण के कारणों, उनके प्रभाव और प्राथमिक उपचारों की जानकारी होनी चाहिए ।

(च) उसे सलाइड वाल्वों के परीक्षण और उनके सेटिंग में परिवर्तन करने की पद्धतियों शैफ्टों की निर्वेगता के परीक्षण और उनके समायोजन की पद्धति स्पष्ट करने में समर्थ होना चाहिए ।

(छ) उसे वाष्प बायलर के लिए कार्यकर वाल्व और उसकी विवक्षाओं का काम चलाऊ ज्ञान होना चाहिए ।

(ज) उसे सहायक मशीनरी की जो उसके भारसाधन में दी जाए जैसे कि विद्युत लाइट इंजन (वाष्प और तेल) और डाइनेमों, विद्युत मोटरें, विभिन्न प्रकार के स्टीयरिंग इंजन द्रवचालित और प्रणोदन मशीनरी की बनावट की जानकारी और उन्हें काम चलाऊ हालत में रखने में समर्थ होना चाहिए ।

(झ) उसे उपकेन्द्रीय बकेट और प्लंजर पम्पों की बनावट और उस सिद्धांत की जानकारी होनी चाहिए जिस पर वे कार्य करते हैं ।

(ञ) उसे यह बताने में समर्थ होना चाहिए कि मशीनरी के किसी भाग के अपविन्यास या उसके पूर्णतः फेल हो जाने की दशा में अस्थायी या स्थायी मरम्मत किस प्रकार की जा सकती है ।

(ट) उसका हस्तलेख सुवाच्य होना चाहिए और उसे गणित की जिसमें साधारण भिन्न और दशमलव भिन्नें और वर्गमूल तथा घनमूल तक सम्मिलित हैं, अच्छी जानकारी होनी चाहिए । उसे सेफ्टी वाल्वों, कोयला उपयोग, कोयला उपभोग, भण्डारों के उपभोग, टंकियों, बकरों आदि की धारिता के बारे में के प्रश्नों पर इन नियमों के लागू किए जाने की जानकारी भी होनी चाहिए ।

(ठ) उसे साधारण उपयोग में आने वाले वाष्प इंजनों की विभिन्न संरचनाओं की बाबत, विभिन्न बाह्य और आंतरिक पुर्जों के विवरणों तथा प्रत्येक पुर्जे के उपयोग की बाबत श्रेयस्कर परीक्षा उत्तीर्ण करने में समर्थ होना चाहिए ।

(ड) उसे वहन, ऊष्मा, वाष्प और विद्युत से संबंधित मुख्य मुख्य तथ्यों का श्रेयस्कर ज्ञान होना चाहिए ।

(ढ) उसे विभिन्न किस्मों के समुद्री मोटर इंजनों, उनके कार्यकरण और उनके विभिन्न पुर्जों के उपयोगों का विवरण देने में समर्थ होना चाहिए ।

मोटर इंजीनियर प्रमाणपत्र के लिए अर्हताएं

46. मोटर इंजीनियर प्रमाणपत्र के अभ्यर्थी ने 22 वर्ष की आयु प्राप्त कर ली होनी चाहिए और उसके पास निम्नलिखित अर्हताएं होनी चाहिए, अर्थात् :—

(क) (1) उसने वाष्प या मोटर इंजनों के निर्माण, फिटिंग और मरम्मत में शिक्षु इंजीनियर या जर्नमिन के रूप में कम-से-कम चार वर्ष तक इस प्रकार सेवा की हो जो समुद्री इंजीनियर के लिए उपयोगी प्रशिक्षण प्रदान करने वाली मानी जाएगी ।

(2) 15 वर्ष से कम आयु से पूर्व सेवाकृत किसी समय स्वीकार नहीं किया जायेगा । इस अवधि में कम-से-कम तीन वर्ष अन्तर्दहन इंजनों की फिटिंग, निर्माण या मरम्मत में व्यतीत किए गए होने चाहिए ।

(3) शेष वर्ष या तो पूर्णतः या भागतः इस प्रकार के कार्य में या समुद्रगामी इंजीनियरों की परीक्षा के लिए इन नियमों में यथाउल्लिखित किसी अनुमोदित तकनीकी स्कूल में व्यतीत किए गए होने चाहिए ।

(4) जर्नमिन के रूप में की गई सेवा शिक्षुता के समतुल्य समझी जाएगी, किन्तु 15 वर्ष से कम आयु का होने के पहले सेवाकृत कोई समय स्वीकृत नहीं किया जायेगा।

(5) यदि उपर्युक्त से भिन्न कर्मशाला सेवा को मोटर इंजीनियर के लिए उपयोगी माना जाता हो तो उसे स्वीकृत किया जा सकेगा, किन्तु अभ्यर्थी की परीक्षा ली जाने के पहले ऐसे सभी मामले प्रधान अधिकारी को प्रस्तुत किए जाएंगे और या तो निर्माणशाला में या इस इंजनों द्वारा नोदित जलयानों के मुख्य इंजन कक्ष में नियमित चौकसी पर समुद्री अन्तर्दहन इंजनों पर कम-से-कम 3 मास की अतिरिक्त अहर्कारी सेवा, इस प्रकार की प्रत्येक बारह मास की कर्मशाला सेवा की बाबत या इस प्रकार स्वीकृत अन्तर्दहन इंजनों के निर्माण या मरम्मत कार्य पर से भिन्न सेवा की जानी चाहिए ।

(6) यदि सेवा बिल्कुल ही संतोषजनक न हो तो विनिर्दिष्ट अवधि के अतिरिक्त दीर्घतर अवधि की सेवा की अपेक्षा की जा सकेगी ।

(7) अपेक्षित चार वर्ष की कर्मशाला सेवा में किसी कमी की अन्तर्दहन इंजिनों द्वारा नोदित 565 से अन्यून ब्रेक अश्वशक्ति के जलयान के मुख्य इंजन कक्ष में नियमित चौकसी पर की जहाजी सेवा द्वारा पूरा किया जा सकेगा ।

(8) यदि जलयान समुद्रगामी जलयान है तो कमी की अवधि का डेढ़ गुनी और यदि अन्तर्देशीय जलयान है तो कमी की अवधि सवा दो गुनी सेवा की जानी चाहिए । इस प्रकार, ऐसे अभ्यर्थी को जिसने कोई कर्मशाला सेवा नहीं की है, अपनी शिक्षुता के बदले में किसी उपयुक्त समुद्रगामी जलयान में छह वर्ष या अंतर्देशीय जलयान में नौ वर्ष सेवा करनी चाहिए ।

(ख) (1) अभ्यर्थी को ऊपर वर्णित कर्मशाला सेवा या अनुकल्पी जहाजी सेवा के अतिरिक्त, 565 से अन्यून ब्रेक अश्वशक्ति के अंतर्दहन इंजनों द्वारा नोदित समुद्रगामी पोत के मुख्य इंजनों पर नियमित चौकसी पर इंजीनियर के रूप में समुद्र पर 18 मास या समरूप अंतर्देशीय जलयान में 27 मास व्यतीत किए गए होने चाहिए ।

(2) उपरोक्त सेवा के न होने की दशा में, उसने वाष्प जलयान अधिनियम के अधीन या इस नियमों के अधीन प्रदान किए गए प्रथम वर्ग मोटर इंजन ड्राइवर प्रमाणपत्र के सहित, अंतर्दहन इंजनों द्वारा नोदित 565 से अन्यून ब्रेक अश्वशक्ति के अन्तर्देशीय या बंदरगाह जलयान के इंजनों के भारसाधक के रूप में तीन वर्ष अथवा 226 से अन्यून ब्रेक अश्वशक्ति के अन्तर्देशीय जलयान के इंजनों के भारसाधक के रूप में चार वर्ष का सेवा की हो।

(ग) ऐसा इंजीनियर भी, जिसके पास वाणिज्य पोत परिवहन अधिनियम या वाष्प जलयान अधिनियम या इन नियमों अधीन प्रदान किया या सक्षमता (वाष्प) प्रमाणपत्र है, नम्नलिखित नियमों के अधीन मोटर इंजीनियर प्रमाण पत्र का पात्र होगा:—

(1) उसने समुद्रगामी वाष्पपोती, का सक्षमता प्रमाणपत्र धारण करते हुए जो कि अधिनियम की धारा 461 के अधीन प्रवर्तमान है, 565 से अन्यून अश्वशक्ति के अंतर्दहन इंजनों द्वारा नोदित समुद्रगामी पोत के मुख्य इंजनों पर नियमित चौकसी पर सहायक इंजीनियर के रूप में कम-से-कम छह मास समरूप अंतर्देशीय जलयान में नौ मास सेवा की हो। उसे परीक्षक का यह समाधान भी कर देना चाहिए कि वह अंतर्दहन इंजनों से पूर्णतः अवगत है और उसे लिखित और मौखिक परीक्षा दोनों में यह दर्शित करने में समर्थ होना चाहिए नियमों के नियम 33 से 38 और 43 से 45 के अंतर्गत आने वाले विषयों को पर्याप्त जानकारी है, अथवा

(2) उसे समुद्रगामी पोतों के लिए द्वितीय वर्ग सक्षमता प्रमाणपत्र धारण करते हुए, जो अधिनियम की धारा 461 के अधीन प्रवर्तमान है, 565 से अन्यून ब्रेक अश्वशक्ति के अंतर्दहन इंजनों द्वारा नोदित समुद्रगामी पोत के मुख्य इंजनों पर नियमित चौकसी पर सहायक इंजीनियर के रूप में कम-से-कम 12 मास अथवा समरूप अंतर्देशीय जलयान में 18 मास सेवा की हो। उसे परीक्षक का यह समाधान भी करना ही चाहिए कि वह अंतर्दहन इंजनों से पूर्णतः अवगत है और उसे लिखित और मौखिक परीक्षा दोनों में यह दर्शित करने में समर्थ होना चाहिए कि उसे इन नियमों के नियम 33 से 38 और 43 से 45 के अन्तर्गत आने वाले विषयों की पर्याप्त जानकारी है, अथवा

(घ) ऐसे इंजीनियरों को भी, जिनके पास वाष्प जलयान अधिनियम के अधीन या इन नियमों के अधीन प्रदान किया गया इंजीनियरी के रूप में साधारण सक्षमता प्रमाण पत्र है, मोटर इंजीनियर प्रमाणपत्र के प्रदान किए जाने के लिए परीक्षा ली जा सकेगी:

परन्तु यह तब जब कि उन्होंने वाष्प जलयान अधिनियम के अधीन या अब इन नियमों के अधीन प्रदान किया गया इंजीनियर प्रमाणपत्र धारण करते हुए, 565 से अन्यून ब्रेक अश्वशक्ति के अन्तर्दहन इंजनों द्वारा नोदित समुद्रगामी पोत के मुख्य इंजनों पर नियमित चौकसी पर सहायक इंजीनियर के रूप में कम-से-कम 12 मास सेवा की हो या समरूप अंतर्देशीय जलयान पर 18 मास सेवा की हो।

(ङ) उसका लेख सुवाच्य होना चाहिए और उसे गणित की जिसमें साधारण भिन्न और दशमलव भिन्नें तथा वर्गमूल तक सम्मिलित है, अच्छी जानकारी होनी चाहिए। उसे संबंधित या स्थिर भारित सुरक्षा और मोचन वाल्वों से संबंधित प्रश्नों को हल करने, तेल और भण्डार के उपयोग, टैंकों, बंकरों आदि को धारित जलयानों की गति और इसी प्रकार की अन्य समस्याओं को हल करने में भी समर्थ होना चाहिए।

(च) उसे उन सिद्धांतों का सुनिश्चित स्पष्टीकरण देने में समर्थ होना चाहिए जिन पर आयल, गैस या अन्य अन्तर्दहन इंजन चलते हैं जिनके अन्तर्गत ज्वलन की पद्धतियां आती हैं, उनके बीच का अंतर बताने तथा दृष्टान्तिक विवरणों द्वारा या अन्यथा यह दर्शित करने में समर्थ होना चाहिए कि वह साधारण उपयोग में आने वाले इन के विनिर्माणों के ब्यौरों को समझता है।

(छ) उसे विभिन्न प्रकार के इंजनों के सिलैण्डरों को हवा और ईंधन का प्रदाय करने की विभिन्न पद्धतियों से, ईंधन को कारबोरेट करने, एटोमाइजक करने या गैस बनाने के लिए साधित्रों के सन्निर्माण और सिलैण्डरों, पिस्टनों आदि को ठंडा करने के साधनों से सुपरिचित होना चाहिए।

(ज) उसे कर्मशाला के अंतर्दहन इंजनों के सन्निर्माण में प्रयुक्त प्रक्रिया और मशीनरी और पोत को मशीनरी की फिट करने में प्रयुक्त पद्धतियों की पर्याप्त जानकारी होनी चाहिए।

(झ) उसे यह जानना चाहिए कि मशीनरी के विभिन्न भागों पर कितना ध्यान दिया जाना चाहिए और विभिन्न वाल्वों, कार्कों, पाइपों, और कनेक्शनों के प्रयोग और नियन्त्रण की जानकारी होनी चाहिए।

(ञ) उसे वे मुख्य कारणों को बताने और वर्णित करने में समर्थ होना चाहिए जिनके कारण इंजन के चालू करने में कठिनाई होती है और उसे यह भी स्पष्ट करने में सार्थ होना चाहिए कि उससे होने वाले नुक्सों को वह कैसे ठीक करेगा। उसे यह दर्शित करने में भी समर्थ होना चाहिए कि वह चालू करने और उत्क्रमण विरचना को समझता है और उनमें की त्रुटियां को दूर करने के सक्षम है।

(ट) उसे यह समझना चाहिए कि मशीनरी को होने वाली साधारण टूट-फूट के परिणामों की प्रतिपूर्ति कैसे की जाए, बैरिंग्स आदि की उपयुक्तता को कैसे परखा जाए, दुर्घटना, विलम्ब आदि से होने वाली त्रुटियों को किस प्रकार ठीक किया जाए और अपविन्यास या पूर्ण भंजन की दशा में अस्थायी या स्थायी मरम्मत किस प्रकार की जाए।

(ठ) उसे दाब गेज, बेरोमीटर, थरमामीटर और इंजन कक्ष में प्रयुक्त होने वाले अन्य उपकरणों के सन्निनिर्माण और उन सिद्धांतों को जिन पर वे काम करते हैं, जानकारी होनी चाहिए।

(ड) उसे अपकेन्द्री बकेट और प्लंजर पम्पों के सन्निनिर्माण और कार्यकरण और उन सिद्धांतों का जानकारी होनी चाहिए जिन पर वे काम करते हैं।

(ढ) उसे वायु संपीडकों, गैस उत्पादकों, स्टीयरिंग इंजनों, विद्युत लाइट इंजनों और डाइनेमों, विद्युत मोटरों, द्रवचालित प्रशीतन और पोत पर पाई जाने वाली अन्य सहायक मशीनरी के विनिर्माण और कार्यकरण की जानकारी होनी चाहिए।

(ण) उसे सहायक वाष्प बायलरों और मशीनरी के सन्निनिर्माण और नियंत्रण का पर्याप्त काम चलाऊ ज्ञान होना चाहिए और उसे वहन, उष्मा और वाष्प से संबंधित मुख्य तथ्यों से सुपरिचित होना चाहिए।

(त) उसे विभिन्न प्रकार के तेलों आदि की जिनका उपयोग सामान्यतः अन्तर्दहन इंजनों में किया जाता है, प्रकृति और गुण धर्म से सुपरिचित होना चाहिए और उसे यह समझना चाहिए कि स्फुरांक से क्या अभिप्रेत है और उसे इन तेलों आदि से निकाली हुई वाष्प के गैस को तब जब वह वायु की निश्चित मात्राओं से मिश्रित हो, विस्फोटक गुणधर्म का ज्ञान होना चाहिए और उसे ऐसी गैसें या वाष्प के खुली बत्ती से प्रभावन के या ऐसी तेल टंकियों से विशेषकर जलयानों के नितलों में और बन्द जगहों में या गैस उत्पादकों, पाइपों, वाष्पित्रों आदि से कोई रिसन होने देने के खतरे से पूर्णतया सुपरिचित होना चाहिए।

(थ) उसे तेल या गैस से अग्नि या विस्फोट के प्रति पूर्वावधानियों की पूर्ण जानकारी होनी चाहिए और यह जानना चाहिए कि यदि आग लग जाए तो उससे कैसे कैसे निपटना चाहिए। उसे सार जाली डायाफ्रामों की क्रिया से भी सुपरिचित होना चाहिए, जब कि उन्हें तेल टंकियों आदि के पाइपों और कनेक्शनों में, उनमें की तेल वाष्प के विस्फोट या ज्वलन के निवारण के प्रयोजन के लिए लगाया जाए।

(द) उसे प्राथमिक और द्वितीय के बैटेरियों और प्रेरण कुंडलियों की मुख्य बनावट और व्यवस्था को स्पष्ट करने में समर्थ होना चाहिए। जहां तक कि वह आयल इंजन के दक्ष नियन्त्रण के लिए आवश्यक है।

(ध) उस मशीनरी के कुछ साधारण भागों का रेखाचित्र बनाने में समर्थ होना चाहिए।

परिक्षाओं से संबंधित साधारण नियम

इंजीनियर

47. परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों के उपयोग के लिए आवश्यक सभी पुस्तकें दी जाएंगी और आवेदकों को परीक्षा कक्ष में कोई पुस्तक कागज, दस्तावेजों या किसी भी प्रकार के कोई पत्रक ले जाने की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी तथा इसके पश्चात निर्दिष्ट उपबन्धों के अधीन रहते हुए, उन्हें स्लेट या रद्दी कागज पर अपनी समस्याओं को हल नहीं करने दिया जाएगा।

48. अभ्यर्थियों को आवंटित समय में अपने कार्य के किसी भी भाग को रद्द करने दिया जाएगा और जब आवश्यक होगा, परीक्षक द्वारा उन्हें अतिरिक्त कागज दिए जाएंगे। ये अतिरिक्त पत्रें परीक्षा-पत्रों के साथ संलग्न कर दिए जाने चाहिएं और वे उनके भाग होंगे।

49. यदि परीक्षा के समय के दौरान किसी अभ्यर्थी को किसी दूसरे की नकल करते हुए या किसी दूसरे को कोई सहायता देते हुए या कोई जानकारी देते हुए या किसी दूसरे के साथ किसी भी रूप में संपर्क करते हुए पाया गया जाएगा तो यह समझा जाएगा कि वह अपनी परीक्षा में अनुत्तीर्ण हो गया है और उसे तीन मास के लिए उसी रीति में परीक्षा से लौटा दिया जाएगा मानों वह परीक्षा के व्यावहारिक भाग में अनुत्तीर्ण हो गया हो और उसे फीस का कोई भाग उसे लौटाया नहीं जाएगा जो कि उसने परीक्षा के लिए संदाय किया हो।

50. यदि कोई अभ्यर्थी किसी ऐसे प्रश्न का जो उसे दिया गया है, उत्तर देने से पूर्व कक्षा से चला जाता है तो बाद में उसे उसका उत्तर देने की अनुज्ञा नहीं दी जा सकती किन्तु परीक्षक उसके स्थान पर अन्य उपात्त या कोई अन्य प्रश्न दे सकता है।

51. (क) मोटर इंजीनियर प्रमाणपत्र के अभ्यर्थियों की परीक्षा के तीन भाग होते हैं—गणित, प्रारम्भिक प्रश्न और मौखिक परीक्षा। जब गणित में प्राप्त अंकों की संख्या अधिकतम संख्या की दो तिहाई होती है तो अभ्यर्थी गणित में उत्तीर्ण हो जाता है।

(ख) मोटर इंजीनियर प्रमाणपत्र की परीक्षा के लिए उपस्थित होने वाले सभी आवेदकों को दस प्रश्नों के लिखित उत्तर देने होंगे। इन प्रश्नों का आशय अभ्यर्थी की परीक्षा के समय कुछ हद तक उसके ज्ञान का प्रलेख देना है और अभ्यर्थियों को अपने हस्तलेख और वर्तनी की ओर अधिक ध्यान देने के लिए उत्प्रेरित करना है।

52. आवेदक के अपने अनुभव से संबंधित कुछ प्रश्नों को जिनका उसके द्वारा लिखित रूप में उत्तर दिया जाना है, प्ररूप 7 में सम्मिलित किए जाएंगे।

53. परीक्षक वाष्प-इंजनों और बायलरों के व्यावहारिक नियंत्रण से संबंधित मौखिक प्रश्न सम्मिलित कर सकेगा।

54 यदि अनुज्ञात समय की समाप्ति पर, अभ्यर्थी ने अपने को दिये गये सभी प्रश्न ठीक-ठीक हल कर लिए हैं और मौखिक परीक्षा में समाधानप्रद उत्तर दिए हैं तो उसे उत्तीर्ण हुआ घोषित किया जाएगा।

55. यदि अनुज्ञात समय की समाप्ति पर, उसने अपने को दिए गए सभी प्रश्न हल नहीं किए हैं, किन्तु यदि ऐसे प्रश्नों के जो उसने हल कर लिए हैं, उत्तरों के साथ ही साथ ली गई मौखिक परीक्षा का परिणाम परीक्षक का यह समाधान करने के लिए पर्याप्त है कि आवेदक इंजनों का भारसाधन संभालने में सक्षम है तो उसे उत्तीर्ण हुआ घोषित किया जाएगा।

56 अन्य मामले में उसे अनुत्तीर्ण हुआ घोषित किया जाएगा।

57. परीक्षक द्वारा परीक्षा की रिपोर्ट और परीक्षा पत्र विहित प्ररूप में प्रधान अधिकारी को भेजे जाएंगे।

58. यदि अभ्यर्थी उत्तीर्ण हो जाता है तो उसे उस आशय का एक प्ररूपिक नोट दिया जाएगा जिस पर प्रधान अधिकारी अभ्यर्थी को प्रमाण-पत्र जारी करेगा और उसके प्रशंसा पत्र आदि उसी समय उसे वापस कर दिए जाएंगे।

फीस

59. (क) अभ्यर्थियों को परीक्षा के अपने आवेदन देते समय किसी भी कार्यवाही के किए जाने से पूर्व, चाहे वह उनकी सेवाओं के बारे में कोई जांच हो या उनकी अर्हताओं का परीक्षण आदि हो, परीक्षा फीस का संदाय करना होगा।

(ख) किसी भी परिस्थितियों में फीस का कोई भी भाग उन्हें लौटाया नहीं जाएगा, किन्तु यदि यह पाया जाए कि उन्हें परीक्षा देने का उन्हें हकदार बनाने के लिए उनकी सेवाएं पर्याप्त नहीं हैं या यह कि उनके प्रशंसा पत्र असमाधानप्रद हैं तो उन्हें कोई और फीस दिए बिना परीक्षा में उपस्थित होने के लिए अनुज्ञात किया जाएगा जब कि उन्होंने, यथास्थिति अपेक्षित सेवा की पूर्ति कर दी हो या वे समाधानप्रद प्रशंसापत्र प्रस्तुत करने में समर्थ हों।

(ग) (1) परीक्षा के लिए प्रधान फीस अधिकारी, वाणिज्यिक समुद्री विभाग, मद्रास को या उसके द्वारा प्राधिकृत किसी अन्य व्यक्ति को दी जाएगी।

(2) किसी ऐसे मामले में, जिसमें अभ्यर्थी किसी अन्य अधिकारी को रकम दे देता है, इस प्रकार रकम देने वाले व्यक्ति की बाबत यह समझा जाएगा कि उसने अवचार का कार्य किया है और उसे अस्वीकृत कर दिया जाएगा और 12 मास तक उसे परीक्षा देने के लिए अनुज्ञात नहीं किया जाएगा।

(घ) यदि अभ्यर्थी अपनी परीक्षाओं में असफल हो जाता है तो, उस फीस का जिसका उसने संदाय किया है, कोई भी भाग उसे वापस नहीं किया जायेगा।

(ङ) फीसें निम्न प्रकार होंगी :—

द्वितीय वर्ग इंजन ड्राइवर प्रमाणपत्र या द्वितीय वर्ग मोटर इंजन ड्राइवर प्रमाणपत्र———10 रुपये

प्रथम वर्ग इंजिन ड्राइवर या प्रथम वर्ग मोटर इंजन ड्राइवर प्रमाणपत्र ——15 रुपये

इंजीनियर या मोटर इंजीनियर प्रमाणपत्र——20 रुपये

असफलता

60. यदि आवेदक मौखिक परीक्षा या परीक्षा के प्रायोगिक भाग में अनुत्तीर्ण हो जाता है तो वह पुनः परीक्षा के लिये तब तक उपस्थित नहीं हो सकेगा जब तक वह तीन मास की और हाजिरी सेवा का सबूत प्रस्तुत नहीं कर देता है। यदि वह केवल गणित में अनुत्तीर्ण होता है तो

वह किसी भी समय पुनः परीक्षा में दे सकेगा । सेरंग या मुख्य टिण्डल या द्वितीय ड्राइवर के रूप में छः मास सक्रिय सेवा के पश्चात् इंजन ड्राइवरों की नये सिरे से परीक्षा ली जा सकती है, यदि गत परीक्षा से यह दर्शित होता हो कि उनसे युक्तियुक्त रूप से अर्हित होने की आशा की जा सकती है ।

साधारण

61. इंजीनियर और मोटर इंजीनियर प्रमाणपत्र, प्रथम और द्वितीय वर्ग इंजन ड्राइवर प्रमाणपत्र तथा प्रथम और द्वितीय वर्ग मोटर इंजन ड्राइवर प्रमाणपत्र प्ररूप 8 में तैयार और जारी किये जायेंगे ।

62. ऐसे प्रत्येक प्रमाणपत्र की दो प्रतियां तैयार की जायेंगी और ऐसे प्रमाणपत्र का हकदार प्रत्येक व्यक्ति परीक्षक को पासपोर्ट आकार के अपने फोटोग्राफ की दो प्रतियां देगा जिनमें से एक-एक प्रमाणपत्र की प्रत्येक प्रति पर चिपकाई जायेगी । प्रमाणपत्र की एक प्रति प्रमाणपत्र पाने के हकदार व्यक्ति को परिदत्त कर दी जायेगी और दूसरी वाणिज्यिक समुद्री विभाग के प्रधान अधिकारी द्वारा रखी और अभिलिखित की जायेगी ।

अध्याय 4

नव मंगलौर पत्तन में चलने वाले 40 से अन्यून के ब्रेक अश्वशक्ति 15 नियत अश्वशक्ति से अन्यून के । मोटर वाष्पजलयान के इंजीनियर या मोटर ड्राइवरों की अनुज्ञापत्रों के प्रदान के लिये नियम ।

63. अनुज्ञापत्र उन व्यक्तियों को दिये जायेंगे जो अपेक्षित परीक्षाएं उत्तीर्ण कर लेते हैं और अन्यथा अपेक्षित शर्तों का अनुपालन करते हैं । इस प्रयोजन के लिये नव मंगलौर पत्तन पर समय-समय पर परीक्षायें की जाने की व्यवस्था की जायेगी ।

परीक्षा :—

64. (क) परीक्षायें वाणिज्यिक समुद्री विभाग, मद्रास (जिसे इसमें आगे परीक्षक कहा गया है) द्वारा की जायेंगी ।

(ख) वे पूर्वाह्न में शीघ्र ही प्रारम्भ होंगी और तब तक चलती रहेंगी जब तक उन सभी अभ्यर्थियों की जिनके नाम परीक्षा के दिन परीक्षक की सूची में दिये गये हैं, परीक्षा नहीं ले ली जाती ।

(ग) (1) परीक्षा के अभ्यर्थी अपने आवेदन प्ररूप 9 में देंगे जो प्रधान अधिकारी या ऐसे पदधारी के समक्ष भरे जायेंगे जिसे उसके द्वारा इस निमित्त नियुक्त किया जाये ।

(2) उचित रीति से भरा गया प्ररूप, आवेदक की सेवा के प्रशंसा-पत्रों सहित जो नियोजक के कार्यालय के अभिलेखों पर आधारित होने चाहिये, परीक्षा के दिन से कम-से-कम 3 दिन पूर्व उपसंरक्षक को प्रस्तुत किया जायेगा ।

(घ) परीक्षा के अभ्यर्थियों को, प्ररूप 9 में अपने आवेदन करते समय 4 रुपये फीस भी प्रधान अधिकारी या उसके द्वारा इस निमित्त सम्यक रूप से प्राधिकृत अधिकारी को देनी होगी ।

(ङ) अनुज्ञापत्र के अभ्यर्थी ने 21 वर्ष की आयु प्राप्त कर ली होनी चाहिये और उसने किसी इंजीनियर फर्म या कर्मशाला में कम से कम लगातार दो वर्ष तक सेवा की हो जिसमें से कम-से-कम छह मास किसी मोटर इंजीनियर या फिटर के भारसाधक सहायक की हैसियत में व्यतीत किये गये हों ।

(च) उसने मौखिक परीक्षा उत्तीर्ण कर ली हो जिसमें उसने परीक्षक का यह समाधान कर दिया हो कि :—

(1) उसे मोटर इंजनों के चालू करने और नियन्त्रित करने तथा मेगनेटों, कारबुरेटरों, जल परिचालन और तेल पम्पों, चिनगारी प्लागों आदि के पृथक-पृथक प्रयोग की पूर्ण जानकारी है और एक सीमा तक वह उनके प्रचालन के वास्तविक उपायों को समझाने में समर्थ है ।

(2) उसे मोटर इंजनों और उनके किसी भी सहायक पुर्जे को खोलने, उसकी अत्यधिक घिसाई या अन्य नुकसे का जहां कि वह मौजूद है, पता लगाने और भागों को पुनर्संयोजित करने में समर्थ होना चाहिये ।

(3) उसको यह बताने में समर्थ होना चाहिये कि इंजन के चालू न होने या उसके किसी सहायक पुर्जे के ठीक प्रकार से काम न करने की दशा में खराबी क्या है ।

(4) उसे यह बताने में समर्थ होना चाहिये कि वह अग्नि से होने वाले खतरों से पूर्णतया परिचित है और उसके निवारण के लिये आवश्यक पूर्वविधानियों की उसे जानकारी है, और वह यह भी जानता है कि आग के वस्तुतः लग जाने पर क्या करना चाहिये ।

(5) उसको यह बताने में समर्थ होना चाहिये कि मशीनरी के किसी भाग के फेल हो जाने की दशा में वह क्या करेगा ।

(छ) यदि अभ्यर्थी उत्तीर्ण हो जाता है तो प्रधान अधिकारी नीचे दिये गये प्ररूप में उसे एक अनुज्ञापत्र देगा :—

प्ररूप—1

(नियम 5 देखिए)

निम्नलिखित रूप के कार्य करने के लिये प्रमाणपत्र के लिये परीक्षा ली जाने के लिये आवेदन :—

नव मंगलौर पत्तन में चलने वाले :—

100 से कम नियत अश्वशक्ति । किसी ब्रेक अश्वशक्ति के इंजनों वाले वाष्प जलयान

---का मास्टर

556 से कम ब्रेक अश्वशक्ति । किसी ब्रेक अश्वशक्ति के इंजनों वाले मोटर जलयान

अथवा

40 से कम नियम अश्वशक्ति इंजनों वाले वाष्प जलयान

---का सेरंग

220 से कम ब्रेक अश्वशक्ति इंजनों वाले मोटर जलयान

अपेक्षित विशिष्टियां भरने से पहले अभ्यर्थियों को खण्ड (ङ) में की सूचना और घोषणा को सावधानी से पढ़ लेना चाहिये ।

(क) अभ्यर्थी का नाम आदि

पूरा नाम	जन्म तारीख और स्थान	स्थायी पता जिसमें नगर या ग्राम का नाम, गली और मकान की संख्या और उस व्यक्ति का नाम (यदि कोई हो) बतायें जिसके साथ निवास कर रहा हो।

(ख) सभी पूर्वतन प्रमाणपत्रों की (यदि कोई हो) विशिष्टियां:

संख्या	सक्षमता सेवा या "और-एन-आर"	श्रेणी	कहां जारी किया गया	जारी करने की तारीख	यदि किसी समय रद्द या निलंबित किया गया हो तो यह बतायें कि किस न्यायालय या प्राधिकारी द्वारा किया गया।	तारीख

(ग) अब अपेक्षित प्रमाणपत्र :—

श्रेणी	पता जिस पर वह भेजा जाता है	तारीख	पत्तन जिसके लिये प्रमाणपत्र अपेक्षित है	वह विषय जिसमें अभ्यर्थी अनुत्तीर्ण हुआ है

(घ) जो प्रमाणपत्र अब अपेक्षित है उसके लिये यदि अभ्यर्थी किसी पूर्वतन परीक्षा में अनुत्तीर्ण हुआ है, तो उसे यहां वह बताना चाहिये—कहां कब (अनुत्तीर्ण) हुआ। यदि वह (अनुत्तीर्ण) नहीं हुआ तो उसे इस खण्ड के सामने लिखित रूप में ऐसा कथन करना चाहिये

(ङ) प्रमाणपत्र प्रधान अधिकारी, वाणिज्यिक समुद्री विभाग, मद्रास जिला को भेजा जायेगा।

घोषणा (1) पर मेरे समक्ष हस्ताक्षर किये गये और ——————रु० फीस मैंने प्राप्त की।

तारीख ——————19

उप संरक्षक
नव मंगलौर पत्तन

(च) परीक्षाओं का प्रमाणपत्र

परीक्षा की तारीख और स्थान		उत्तीर्ण या अनुत्तीर्ण
तारीख	स्थान	

(छ) अभ्यर्थी का वैयक्तिक विवरण

ऊंचाई		रंगरूप	वर्ण		विशिष्टियों का, यदि कोई हो, वैयक्तिक चिह्न
फुट	इंच		बालों का	आंखों का	

मैं प्रमाणित करता हूं कि खण्ड (च) और (छ) में दी गई विशिष्टियां सही हैं और अभ्यर्थी ने सेवा के समाधानप्रद शंसापत्र और सबूत पेश कर दिये हैं।

तारीख——————19——————

उप संरक्षक
नव मंगलौर पत्तन

(ज) शंसापत्रों की सम्पूर्ण सूची और आरम्भ से, या वर्तमान प्रमाणपत्र की तारीख से, सेवा का पूर्ण विवरण।

शंसापत्रों की निम्नलिखित विवरण के प्रथम स्तम्भ में दी हुई संख्या के अनुसार क्रम से संख्यांकित किया जाये।

शंसापत्रों की पोत का नाम यदि कोई हो संख्या	पोत टन भार और नियत अश्वशक्ति की विशिष्टियां	आवेदक की सेवा की विशिष्टियां: क्षमता	प्रारम्भ की तारीख	पर्यवसान की तारीख	सेवा की अवधि: वर्ष	मास	दिन	ट्रेड जिस में नियोजित है	टिप्पणी	संस्थापक के हस्ताक्षर

कुल सेवा

सेवाकृत समय जिसके लिये अब प्राधिकारीक सबूत पेश किया गया है।

सेवाकृत समय जिसके लिये कोई सबूत पेश नहीं किया गया है।

(झ) अभ्यर्थी द्वारा की जाने वाली घोषणा

(सूचना कोई भी व्यक्ति जो अपने लिये या किसी अन्य व्यक्ति के लिये सक्षमता प्रमाणपत्र अभिप्राप्त करने के प्रयोजन के लिये कोई मिथ्या व्यपदेशन करता है या कराता है या दिये जाने में सहायता करता है, अभियोजन के दायित्वाधीन होगा)।

मैं घोषणा करता हूं कि इस प्ररूप के खंड (क), (ख), (ग), (घ) और (ज) में दी गई विशिष्टियां मेरे पूर्ण ज्ञान और विश्वास के अनुसार सही हैं और सत्य है कि तथा खंड (ग) में प्रमाणित और इस प्ररूप के साथ भेजे गये कागज पत्र सत्य और असली दस्तावेज हैं और वे उन व्यक्तियों द्वारा दिये गये और हस्ताक्षरित किये गये हैं जिनके नाम उन पर दिये हुए हैं। मैं यह भी घोषणा करता हूं कि विवरण (ज) में मेरी संपूर्ण सेवाओं का निरपवाद रूप से सही और सत्य वृत्तांत लिया गया है।

तारीख——————19——————

नव मंगलौर पत्तन के उप संरक्षक के समक्ष हस्ताक्षर किये गये
अभ्यर्थी के हस्ताक्षर
वर्तमान पता

प्ररूप 2

[नियम 9(ख) देखिए]

दृष्टि परीक्षण में परीक्षा ली जाने के लिये आवेदन

(क) अभ्यर्थी का नाम, आदि

1. पूरा नाम

2. उपनाम

3. स्थायी पता जिसमें नगर या ग्राम का नाम, गली और मकान की संख्या और उस व्यक्ति का नाम (यदि कोई हो) बताइये जिसके साथ निवास कर रहे हों ।

4. जन्म तारीख

5. जन्म स्थान (नगर या ग्राम) देश और/या जिला

6. यदि अभ्यर्थी ने समुद्र पर सेवा की है तो बतायें :—

(1) कितने वर्ष

(2) प्रमाणपत्र का (यदि कोई हो) वर्तमान निर्धारण संख्या और श्रेणी

7. यदि अभ्यर्थी ने समुद्र पर सेवा नहीं की है, तो बतायें :—

(1) समुद्र पर जाने वाला है ।

(2) किसी हैसियत में ।

(ख) यदि दृष्टि परीक्षणों में अभ्यर्थी की पहले परीक्षा कर ली गई है तो उसे यहाँ यह बताना चाहिए कि अन्तिम परीक्षा कब और कहाँ हुई थी और उसे प्रत्येक विषय के सामने यथास्थिति "उत्तीर्ण", "अनुत्तीर्ण" या "परीक्षा नहीं ली गई" लिखना चाहिए। यदि अभ्यर्थी के पास सक्षमता प्रमाणपत्र है तो उसकी वर्ण दृष्टि में परीक्षा नहीं ली जानी चाहिए और "परीक्षा नहीं ली गई" प्रविष्टि खण्ड 2 में दर्ज की जानी चाहिए।

8. तारीख

9. पत्तन

10. रूप दर्शन परीक्षण

पुराना नया

11. वर्ण दर्शन परीक्षण

(ग) अभ्यर्थी द्वारा की जाने वाली घोषणा

मैं घोषणा करता हूं कि इस प्ररूप के खण्ड (क) और (ख) में दी गई विशिष्टियाँ मेरे पूर्ण ज्ञान और विश्वास के अनुसार सही हैं और सत्य है।

और मैं यह घोषणा शुद्ध अन्तःकरण से इस विश्वास के साथ करता हूं।

तारीख .....

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

(घ) फीस की उपसंरक्षक की रसीद

12. प्राप्त हुई रकम—एक रुपया

13. प्राप्ति की तारीख

14. स्थान जिस पर प्राप्त की

उपरोक्त घोषणा पर मेरे समक्ष हस्ताक्षर किए गए और निर्धारित फीस मैंने प्राप्त की ।

उपसंरक्षक

नव मंगलौर पत्तन

(ङ) परीक्षक का प्रमाणपत्र

मैं प्रमाणित करता हूं कि ऊपर नामित अभ्यर्थी की आज रूप और वर्ण दृष्टि के लिए परीक्षणों में मेरे द्वारा परीक्षा की गई जिसके परिणाम निम्नलिखित रहे ।

पुराना+ नया+

15 रूप दर्शन परीक्षण

16 वर्ण दर्शन परीक्षण†

नव मंगलौर पत्तन

तारीख ..... परीक्षक

सेवा में,

प्रधान अधिकारी,

वाणिज्यिक समुद्री विभाग,

मद्रास जिला, मद्रास

परीक्षक इस प्ररूप को भरेगा और उसे प्रधान अधिकारी, वाणिज्यिक समुद्री विभाग, मद्रास जिला, मद्रास को भेजेगा ।

†वर्ण दर्शन परीक्षण में यथास्थिति, "उत्तीर्ण" या "अनुत्तीर्ण" लिखिये । यदि अभ्यर्थी के पास सक्षमता प्रमाणपत्र है तो "परीक्षा नहीं ली गई" प्रविष्टि होनी चाहिए ।

प्ररूप-3

[नियम 10(ख)(ii) देखिए]

भारत सरकार द्वारा जारी किया गया

.....

पत्तन रोटेशन सं०

तारीख 197

दृष्टि परीक्षण

परीक्षक के लिए टिप्पण.—प्रत्येक ऐसी दशा में, जिसमें अभ्यर्थी रूप या वर्ण दर्शन के लिए परीक्षण उत्तीर्ण नहीं करता है, उस प्ररूप में रिपोर्ट प्रधान अधिकारी को भेजी जाएगी। अभ्यर्थियों की वर्ण परीक्षण में तब तक परीक्षा नहीं ली जाएगी जब तक उन्होंने रूप दर्शन परीक्षण उत्तीर्ण न कर लिया हो।

अभ्यर्थी का नाम आदि।

1. पूरा नाम
2. उपनाम
3. जन्म तारीख
4. जन्म स्थान
5. यदि अभ्यर्थी ने समुद्र पर सेवा की हो तो बताएं :—
   (1) कितने वर्ष ।
   (2) प्रमाणपत्र का (यदि कोई हो) वर्तमान निर्धारण संख्या और श्रेणी।
6. यदि अभ्यर्थी ने समुद्र पर सेवा नहीं की है तो बताएं :—
   (1) क्या समुद्र पर जाने वाला है ?
   (2) किस हैसियत में ?

यदि दृष्टि परीक्षणों में अभ्यर्थी की पहले परीक्षा कर ली गई है तो यह बताना चाहिए कि अन्तिम परीक्षा कब और कहां हुई थी और प्रत्येक विषय में सामने यथास्थिति "उत्तीर्ण" "अनुत्तीर्ण" या "परीक्षा नहीं ली गई" लिखिए :—

7. तारीख
8. पत्तन
9. रूप दर्शन परीक्षण :—

   पुराना* उपान्तरित नया पूर्ण नया

10. वर्ण दर्शन परीक्षण

    अभ्यर्थी का वर्तमान विवरण :—

11. ऊंचाई फुट इंच
12. रंगरूप
13. निम्नलिखित का वर्ण :—
    (1) बाल
    (2) आंखें
14. वैयक्तिक चिह्न या विशिष्टियां, यदि कोई हों।

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर
वर्तमान पता

मेरा निवेदन है कि मैंने ऊपर नामित अभ्यर्थी की बाबत सूचना दे दी है कि वह परीक्षण या (क) रूप दर्शन (पुराना परीक्षण) (नया परीक्षण), (ख) वर्ण दर्शन में अनुत्तीर्ण हो गया है।

परीक्षक के हस्ताक्षर

सेवा में,

प्रधान अधिकारी,
वाणिज्यिक समुद्री विभाग,
जिला

*जो शब्द लागू न हों उन्हें काट दें।

रूप दर्शन

(1) क्या अभ्यर्थी रूप दर्शन के परीक्षण में उत्तीर्ण हुआ या अनुत्तीर्ण।

(2) यदि अभ्यर्थी अपेक्षित मानक तक पहुंचने में असफल रहता है तो निम्नलिखित सारणी भरी जानी चाहिए और उसे इस बाबत अनुदेशों के लिए प्रधान अधिकारी को प्रस्तुत किया जाना चाहिए कि अभ्यर्थी को उत्तीर्ण माना जाए या अनुत्तीर्ण

*आंख	उपयोग में लाई गई शीटें	प्रत्येक शीट की प्रत्येक पंक्ति में की गई गल्तियों की संख्या						
		पहली पंक्ति	दूसरी पंक्ति	तीसरी पंक्ति	चौथी पंक्ति	पांचवी पंक्ति	छठी पंक्ति	सातवीं पंक्ति
	पहली							
	दूसरी							
	तीसरी							
	चौथी							

*यह बताएं क्या अभ्यर्थी ने दोनों आंखों का प्रयोग एक साथ किया या केवल अपनी बेहतर आंख का प्रयोग किया।

(3) प्रकाश की स्थिति क्या थी जब अभ्यर्थी की परीक्षा ली गई थी।

वर्ण दर्शन

(1) क्या अभ्यर्थी अनुत्तीर्ण हुआ है अथवा मामला वर्ण दर्शन के परीक्षण में निर्देशित किया गया है।

साधारण टिप्पणियां और लैंटर्न परीक्षण में की त्रुटियों का अभिलेख

प्ररूप—4

[नियम 10(ख) (4) देखिए]

एक्स० 16ए (भारत)
दृष्टि परीक्षण

परीक्षक का प्रमाणपत्र

परीक्षा का स्थान
नाम
आयु
जन्म स्थान
निर्धारण :
वर्ण : आंखों का, बालों का रंग रूप

जो शब्द लागू न हों उसे काट दें

भारत सरकार द्वारा जारी किया गया

एक्स० 16ए (भारत)

नाम और उपनाम
जन्म स्थान
ऊंचाई
रंग रूप
वैयक्तिक चिह्न या विशिष्टयां (यदि कोई हों)
परीक्षा का परिणाम

जो शब्द लागू न हो उसे काट दें

तीन मास के भीतर स्थानीय रूप से पुनः परीक्षा की जा सकेगी।

भारत सरकार के आदेश के सिवाय स्थानीय रूप से पुनः परीक्षा नहीं की जा सकेगी।

दृष्टि परीक्षण

परीक्षक का प्रमाणपत्र

अभ्यर्थी का नाम और विवरण

आयु
निर्धारण
वर्ण : आंखों का बालों का

तीन मास के भीतर स्थानीय रूप से पुनःपरीक्षा की जा सकेगी।

भारत सरकार के आदेश के सिवाय स्थानीय रूप से पुनः परीक्षा नहीं की जा सकेगी।

भारत सरकार के आदेश के सिवाय स्थानीय रूप से पुनः परीक्षा नहीं की जा सकेगी।

मैं प्रमाणित करता हूं कि ऊपर दी गई विशिष्टियां सही है

तारीख 197

परीक्षक के हस्ताक्षर

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

तारीख

परीक्षक के हस्ताक्षर

भाग-68

*पुनःपरीक्षा के लिए आवेदन करते समय अभ्यर्थी को प्रमाणपत्र पेश करना चाहिए।

प्ररूप 5

(नियम 24 देखिए)

सक्षमता प्रमाणपत्र

नव मंगलौर पत्तन में चलने वाले—

100 से कम नियत अश्वशक्ति/किसी नियत
अश्वशक्ति के इंजनों वाले वाष्प जलयान
————————————के मास्टर के रूप में
565 से कम ब्रेक अश्वशक्ति/किसी नियत
अश्वशक्ति के इंजनों वाले मोटर जलयानों

40 से कम नियत अश्वशक्ति के इंजनों वाले वाष्पयानों
————————————के सेरंग के रूप में
226 से कम नियत अश्वशक्ति के इंजनों वाले मोटर जलयानों

सेवा में

. . . .

. . . .

चूंकि आपकी परीक्षा के पश्चात्
नव मंगलौर पत्तन में चलने वाले

100 से कम नियत अश्वशक्ति/किसी नियत
अश्वशक्ति के इंजनों वाले वाष्प-जलयान
————————————के मास्टर
565 से कम ब्रेक अश्वशक्ति/किसी ब्रेक
अश्वशक्ति के इंजनों वाले मोटर जलयानों

अथवा

40 से कम नियत अश्व शक्ति के इंजनों वाले वाष्पजलयान
————————————के सेरंग
565 से कम ब्रेक अश्वशक्ति के इंजनों वाले मोटर जलयान

के कर्तव्यों की पूर्ति करने के लिए सम्यकरूप से अर्हित पाया गया है।

मेरे हस्ताक्षर से और मुद्रा लगाकर दिया गया।
प्रधान अधिकारी

वाणिज्यिक समुद्री विभाग, मद्रास

तारीख. . . . .

प्रमाणपत्र सं०. . . . .

धारक . . . . .आत्मज. . . . .

जाति. . . . .

जन्म की तारीख और स्थान जिसमें ग्राम, थाना और जिला दर्शित किया जाए

निवास स्थान, जिसमें ग्राम, थाना, और जिला दर्शित किया जाए

ऊंचाई. . . . .

वैयक्तिक विवरण, जिसमें विशिष्टयाँ कोई स्थाई चिह्न या निशान दर्शित किए जाएं।

रजिस्टर टिकट संख्या —

*यदि सही-सही ज्ञात न हो तो अपनी सर्वोत्तम जानकारी या उपलब्ध साक्ष्य के अनुसार बताएं।

ध्यान दीजिए: यदि यह प्रमाणपत्र इसके मालिक से भिन्न किसी व्यक्ति के कब्जे में आ जाता है तो उससे यह अपेक्षा की जाती है कि वह इससे तुरन्त प्रधान अधिकारी, वाणिज्यिक समुद्री विभाग, मद्रास-जिला-मद्रास को भेज दें।

तारीख. . . . . .को. . . . . .स्थान पर जारी किया गया।

प्रधान अधिकारी,

वाणिज्यिक समुद्री विभाग

रजिस्ट्रीकृत मद्रास।

प्ररूप 6

[नियम 26(क) देखिए]

निम्नलिखित के रूप में सक्षमता प्रमाणपत्र के लिए परीक्षा ली जाने के लिए आवेदन।

नव मंगलौर पत्तन में चलने वाले—

किसी नियत अश्वशक्ति के इंजनों वाले वाष्प जलयान
————————————के इंजीनियर के रूप में
किसी ब्रेक अश्वशक्ति के इंजनों वाले मोटर जलयान

अथवा

40 से कम नियत अश्वशक्ति/100 से कम नियत अश्वशक्ति के इंजनों वाले वाष्प जलयान
————————————के ड्राइवर के रूप में
226 से कम ब्रेक अश्वशक्ति/565 से कम ब्रेक अश्वशक्ति के इंजनों वाले मोटर जलयान

टिप्पण: इस प्ररूप को उपसंरक्षक, नव मंगलौर पत्तन के कार्यालय से मुफ्त प्राप्त किया जा सकता है।

इस कागज के खंड (क), (ख), (ग), (घ), (ङ) और (छ) को परीक्षा के आवेदक द्वारा उपसंरक्षक के या ऐसे पदधारी के समक्ष भरा जाएगा जिसे उसके द्वारा इस निमित्त नियुक्त किया जाए, और वह अभ्यर्थी के संशापत्रों और पूर्वतर प्रमाणपत्र के, यदि कोई हो, सहित उसे सौंप दिया जाएगा। सरकार के किन्हीं भी अधिकारियों या सेवकों को विनियमों में उल्लिखित फीस के अतिरिक्त कोई भी पारिश्रमिक या उपदान, नहीं दिया जाएगा या उनके द्वारा प्राप्त नहीं किया जाएगा। सरकार का कोई भी अधिकारी, संदेश-वाहक या सेवक, जो कोई उपहार या उपदान स्वीकार करता है तुरंत अपने पद से सेवोन्मोचित कर दिया जाएगा और इस प्रकार धन देने वाले अभ्यर्थी की बाबत यह समझा जाएगा कि उसने अवचार का कार्य किया है, तथा उसे अस्वीकृत कर दिया जाएगा और 12 मास तक उसका परीक्षित किए जाने की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी।

(1) पूरा नाम

(2) उपनाम

(3) पिता का नाम

(4) वर्तमान पता जिसमें नगर, गली और मकान की संख्या और उस व्यक्ति का (यदि कोई हो) नाम बताएं जिसके साथ निवास कर रहा हो।

(5) तारीख

(6) जन्म कहां हुआ

(क) नगर या ग्राम और थाना

.....या जिला

(ख) सभी पूर्वतन प्रमाणपत्रों की (यदि कोई हों) विशिष्टियां

सं०	सेवा की सक्षमता	श्रेणी	कहां जारी किया गया	जारी करने की तारीख	यदि किसी समय निलम्बित या रद्द किया गया हो तो बताएं कि किस न्यायालय या प्राधिकारी द्वारा किया गया	तारीख	खण्ड
7	8	9	10	11	12	13	14

(ग) प्रमाणपत्र जो अब अपेक्षित है।

(15) श्रेणी

(16) सेवा की सक्षमता

(17) पता जिस पर इसे भेजा जाना है।

(घ) यदि आवेदक उस प्रमाणपत्र के लिए जो अब अपेक्षित है किसी पूर्वतन परीक्षा में अनुत्तीर्ण हुआ है तो उसे यहां यह बताना चाहिए कि कब और कहां हुआ। यदि वह अनुत्तीर्ण नहीं हुआ है तो उसे इस खंड में लिखित रूप में ऐसा कथन करना चाहिए —

(18) तारीख

(19) पत्तन

(20) विषय जिनमें वह अनुत्तीर्ण हुआ।

(ङ) आवेदक द्वारा की जाने वाली घोषणा

मैं इसके द्वारा घोषणा करता हूं कि इस प्ररूप के खण्ड (क), (ख), (ग), (घ) और (ङ) में दी गई विशिष्टियां मेरी पूर्ण जानकारी और विश्वास के अनुसार सही है और सत्य है तथा खण्ड (छ) में प्रगणित और इस प्ररूप के साथ भेजे गए कागज पत्र सत्य और असली दस्तावेज है जो उन व्यक्तियों द्वारा दिए गए और हस्ताक्षरित हैं जिनके नाम उन पर दिए गए हैं। मैं यह भी घोषणा करता हूं कि कथन (छ) में निरापवाद रूप से मेरी संपूर्ण सेवाओं का सत्य और सही वृत्तान्त है।

और मैं यह घोषणा शुद्ध अंतःकरण से इस विश्वास के साथ करता हूं कि वह सत्य है।

उप संरक्षक नव मंगलौर पत्तन के समक्ष मैं हस्ताक्षर किए गए।

तारीख.....

आवेदक के हस्ताक्षर

वर्तमान पता

सेवा में

प्रधान अधिकारी,
वाणिज्यिक समुद्री विभाग,
मद्रास जिला मद्रास

उपर्युक्त घोषणा (ङ) पर मेरे समक्ष हस्ताक्षर किए गए और फीस मैंने प्राप्त की है।

तारीख.....

हस्ताक्षर
उपसंरक्षक
नव मंगलौर पत्तन

(छ) शंसा पत्रों की सूची और तट पर तथा समुद्र पर की सेवा में विवरण (शंसापत्रों की नीचे स्तम्भ 21 में दी गई संख्या के अनुसार क्रमशः संख्यांकित किया जाएगा)

यदि जलयान पर की सेवा हो

शंसापत्रों (यदि कोई हों) की संख्या	कहां नियोजित है या जलयान का नाम	इंजनों की अश्वशक्ति	रजिस्ट्री की पत्तन और जलयान की अधिकृत सं०	धारिता	प्रारंभ करने की तारीख	पर्यवसान की तारीख
21	22	23	24	25	26	27

आवेदक की सेवा इस सेवा में कितने समय तक नियोजित रहा।			ट्रेड जिसमें नियोजित था	सत्यापक के हस्ताक्षर
वर्ष	मास	तारीख		
28	29	30	31	32

वाष्प जलयान पर की कुल सेवा
समुद्र पर की कुल सेवा
उपरोक्त सेवा का योग

(ज) परीक्षक का प्रमाणपत्र

टिप्पण :—परीक्षक को खण्ड (ज) और (झ) को भरना चाहिए और सभी मामलों में, यथासंभव शीघ्र इस कागज को प्रधान अधिकारी, वाणिज्यिक समुद्री विभाग, मद्रास जिला मद्रास को प्रेषित करना चाहिए। यदि आवेदक उत्तीर्ण हो जाता है तो उसके शंसापत्र और पूर्वतन प्रमाणपत्र यदि कोई हो, इस कागज के साथ प्रधान अधिकारी, वाणिज्यिक समुद्री विभाग, मद्रास जिला मद्रास को भेजा जाएगा। नए प्रमाणपत्र और शंसापत्रों का परिदान आवेदक को 17 (ग) में दिए गए पते पर किया जाएगा।

(33) परीक्षा की तारीख और स्थान

(34) नीचे प्रत्येक मद के सामने उत्तीर्ण या अनुत्तीर्ण लिखें :—

(1) प्रश्न को हल करने में

(2) मौखिक परीक्षा में

(35) रैंक, जिसमें उत्तीर्ण हुआ।

(झ) आवेदक का वैयक्तिक विवरण

(36) ऊंचाई फुट इंच

(37) रंग रूप

(38) विशिष्टिताओं के, यदि कोई हों, वैयक्तिक चिह्न

(39) वर्ण

(1) बालों का

(2) आंख का

मैं इसके द्वारा घोषणा करता हूं कि खण्ड (ज) और (झ) में दी गई प्रविष्टियां सही हैं।

इस प्ररूप और शंसापत्रों को प्रधान अधिकारी, वाणिज्यिक समुद्री विभाग, मद्रास जिला, मद्रास को प्रेषित किया जाता है।

परीक्षक के हस्ताक्षर

प्ररूप 7

(नियम 52 देखिए)

सेवा में,

परीक्षक सभी अभ्यर्थियों से अपेक्षा करेगा कि वे नीचे दी गई विशिष्टियां भरें और वह उसे परीक्षा की रिपोर्ट के साथ-साथ प्रधान अधिकारी, वाणिज्यिक समुद्री विभाग, मद्रास जिला-मद्रास को प्रेषित करेगा।

प्रारम्भिक प्रश्नों में अनुत्तीर्णता को गणित अनुत्तीर्णता समझा जाएगा

ऐसी परीक्षा के लिए प्रश्नों की संख्या का चयन परीक्षक द्वारा किया जाएगा और वे अभ्यर्थी को तब तक नहीं बताए जाएंगे जब तक परीक्षा प्रारंभ नहीं हो जाती है।

नव मंगलौर पत्तन वर्ग जिसके लिए परीक्षा ली गई

तारीख अभ्यर्थी का नाम

क. आपने कर्मशाला में इंजनों के निर्माण या मरम्मत में कहां और कितने समय और किन हैसियतों में सेवा की ?

ख. आपने समुद्र पर या अन्तर्देशीय जल क्षेत्रों में या नव मंगलौर पत्तन में इंजन कक्ष में कितने समय और किन हैसियतों में सेवा की।

ग. आपने समुद्र पर या अंतर्देशीय जल क्षेत्रों में या नव मंगलौर पत्तन में किस प्रकार के इंजनों पर सेवा की है ? इंजन किन आकारों के थे।

घ. आपने समुद्र पर या नव मंगलौर पत्तन में किस प्रकार के बायलरों पर सेवा की ?

ङ. आपने समुद्र पर या नव मंगलौर पत्तन में इंजनों में कौन सी त्रुटियां देखी हैं। सत्यापन के लिए जलयानों का नाम बताइए।

च. आपने बायलरों में कौन सी त्रुटियां पाई है ?

ये त्रुटियां किन कारणों से हुई और उनका किस प्रकार से उपचार किया गया। सत्यापन के लिए जलयानों का नाम दीजिए।

प्ररूप 8 (नियम 61 देखिये)

सक्षमता प्रमाण पत्र

नव मंगलौर पत्तन में चलने वाले,
40/100 नियत अ०श० से अन्यून के इंजनों वाले वाष्प जलयान
.....के इंजन के रूप

में 226 अ०शo/565 ब्रेक अ०शo से अन्यून के इंजनों वाले मोटर जलयान

अथवा

किसी नियत अ० शo के इंजनों वाले वाष्पजलयान

किसी ब्रेक अ०शo के इंजनों वाले मोटरजलयान के इंजीनियर के रूप में

सेवा में

.....

.....

चूंकि परीक्षा के पश्चात् आपके नव मंगलौर पत्तन में चलने वाले .....के इंजनों वाले..... जलयान के..... के कर्त्तव्यों की पूर्ति करने के लिए सम्यक् रूप से अर्हित पाया गया है अतः मैं आपको ऐसे.....के रूप में यह सक्षमता प्रमाणपत्र प्रदान करता हूं।

मेरे हस्ताक्षर से और मेरी मुद्रा लगाकर दिया गया।

तारीख.....

प्रमाणपत्र संख्या

धारक

जन्म की तारीख और स्थान

ऊंचाई

वैयक्तिक विवरण जिसमें विशिष्टिया दाग के स्थायी चिह्न बताए जाएं।

रजिस्टर टिकट सं०

हस्ताक्षर

ध्यान दीजिए :—यदि यह प्रमाणपत्र इसके धारक से भिन्न किसी व्यक्ति के कब्जे में आ जाता है उससे अपेक्षा की जाती है कि वह उसे तुरन्त प्रधान अधिकारी, वाणिज्यिक समुद्री विभाग, मद्रास जिला, को दे।

तारीख.....को.....स्थान पर जारी किया गया।

रजिस्ट्रीकृत प्रधान अधिकारी

वाणिज्यिक समुद्री विभाग, मद्रास

आवेदन का प्ररूप

प्ररूप 9 [नियम 64 ग (2) देखिए]

नव मंगलौर पत्तन में चलने वाले ऐसे मोटर/वाष्प जलयान के जिसमें 40 या 40 से कम ब्रेक अश्वशक्ति/15 या 15 से कम नियत अश्वशक्ति इंजन लगे हों, इंजन या मोटर ड्राइवर के रूप में कार्य करने के लि अनुज्ञापत्र के लिए आवेदन।

1. आवेदक का पूरा नाम
2. पिता का नाम
3. आवेदक का स्थायी पता
4. आवेदक की जन्म तारीख और जन्म स्थान
5. क्या पूर्वतन परीक्षा में अनुत्तीर्ण हुआ है और यदि हुआ है तो कब और कहां।

